

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 17 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-171 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 18 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112




# साय ने मोदी के जन्मदिवस पर 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025' का किया शुभारंभ

रायपुर, 17 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़







मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर में "स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रायपुर नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों की स्वच्छता को समर्पित डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मुख्यमंत्री साय ने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश आमजन तक पहुँचाया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे और इसमें सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वप्रेरणा से जुड़ाव समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव स्वच्छता की बात करते हैं और उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। हमें इसे आगे बढ़ाने के लिए अपनी जिम्मेदारी प्राथमिकता से निभानी चाहिए।मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टालों का किया अवलोकनमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025' का किया शुभारंभ।शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके आजीविका मूलक कार्यों और गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0, सीएसपीडीसीएल, क्रेडा की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, कचरा संग्रहण एवं उसके प्रबंधन की प्रक्रिया संबंधी मॉडल तथा स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टालों का भी अवलोकन किया।

# जन्मदिन के मौके पर पीएम मोदी ने की स्वदेशी अपनाने की अपील

## पाकिस्तान पर जमकर बरसे,आज का भारत परमाणु धमकी से नहीं डरता

**धार,17 सितंबर।** पीएम मोदी ने कहा कि देशवासी जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए। जो भी खरीदें, उसमें पसीना किसी न किसी हिंदुस्तानी का होना चाहिए। उसमें हिंदुस्तान की मिट्‌टी की खुशबू होनी चाहिए। मुझे 2047 तक विकसित भारत बनाना है। सभी व्यापारी भाई बहन जो भी बेचें वो हमारे देश में ही बना हुआ होना चाहिए। अब हमें स्वदेशी को विकसित भारत की नींव बनाना है। ये तब होगा जब हम देश में बनी हुई चीजों को गर्व से खरीदेंगे। हमें सबसे पहले ये देखना है कि क्या ये देश में बना है। जब हम ऐसा करते हैं तो हमारा पैसा देश में ही रहता है, जब पैसा देश में रहता है तो उसी से देश का विकास होता है। उसी से सड़कें बनती हैं, योजनाएं चलती हैं। इससे ही नए रोजगार पैदा होते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 22 सितबर से यानी नवरात्र के पहले दिन से जीएसटी की नई दरें लागू हो रही हैं। हमें स्वदेशी को लेकर अभियान चलाना होगा, मैं राज्य सरकार से कहूंगा कि हर दुकान पर बोर्ड लगाएं जानें जिन पर स्वदेशी सामानों की जानकारी लिखी हो। खरीदने वाले को भी पता चलेगा कि हम स्वदेशी खरीद रहे हैं। इसके बाद सभा में गर्व से कहो स्वदेशी हैं के नारे गूंजने लगे।

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया है। हमारे जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया है। ये नया भारत है ये किसी की परमाणु धमकी से डरता नहीं है। ये नया भारत है घर में घुसकर मारता है।

**फाइव एफ पर हो रहा काम**-पीएम मोदी ने कहा- धार में पीएम मित्र पार्क की स्थापना करके हम आहिल्या बाई होल्कर का काम आगे बढ़ा रहे हैं। यहां पर कपड़ों से संबंधित सारे काम होंगे। यहां खेत से कपास की कताई बुनाई डिजाइन एक्सपोर्ट का काम होगा। हम फाइव एफ पर काम कर रहे हैं। फार्म, फाइबर, फैक्टरी, फैशन और फॉरेन की चैन बन रही है। अब धार दुनिया के मार्केट में चमकेगा। मैं सभी लोगों को पीएम मित्र पार्क की बधाई देता हूं। देश में ऐसे कई और पार्क बनेंगे।

**गरीब की पीड़ा मेरी अपनी है**-पीएम मोदी ने कहा- गरीब की सेवा मेरे जीवन का उद्‌देश्य है। हमारी सरकार गरीब को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है। समर्पण भाव से काम करने के कारण पिछले 11 साल के परिश्रम के कारण आज देश के 25 करोड़ लोग गरीबी के जीवन से बाहर आ गए हैं। समाज को नया आत्मविश्वास मिला है। सरकार के सारे प्रयास गरीबों की जिंदगी बदलने वाली मोदी की गारंटी है। माता बहनों के जीवन का सुरक्षित रखना मेरे जीवन का प्रण है.

**दो करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी**-पीएम मोदी ने कहा कि मुफ्त राशन योजना के आंकड़े सुनकर विदेशियों की आंखे फट जाती हैं। आज भी इस योजना के तहत मुफ्त आनाज दिया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत जो राशि दी गई है। उसमें ज्यादातर घर महिलाओं के नाम पर हैं। करोड़ों बहने मुद्रा योजना के तहत लोन लेकर नए व्यापार कर रही हैं। सरकार तीन करोड़ ग्रामीण बहनों को लखपति दीदी बनाने के अभियान में जुटी है। अब तक दो करोड़ बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। महिलाओं को ड्रोन दीदी और महिला सखी बनाकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र में लाया जा रहा है।

**आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ्य हों** -पीएम मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती से एक और अभियान की चर्चा करना चाहता हूं। आदिवासी इलाकों में सिकल सेल एनीमिया बड़ी बीमारी होती है। एमपी से ही 2023 में सिकल सेल स्क्रीन का कार्ड मिलना शुरू हुआ था। आज एमपी में ही एक करोड़ वां कार्ड दिया गया है। अब तक इस अभियान के तहत पांच करोड़ से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इससे लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित हुआ है। ये काम आने वाली पीढ़ियों के लिए है। आज लोग स्वस्थ्य हो जाएंगे तो आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ्य हो जाएंगी।

**कोई मां-बहन छूट न जाए**-पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी से बेटे के नाते, एक भाई के नाते मैं ये मांगता हूं कि आप लोग कैंम्पों में जाकर अपनी जांच जरूर करवाएं। किसी भी महिला को एक नया पैसा नहीं देना होगी। यहां जांच और दवाई दोनों मुफ्त होगी। सरकारी तिजोरी माता-बहनों के स्वास्थ्य से ज्यादा जरूरी नहीं है। इस जांच के आगे आयुष्मान कार्ड का सुरक्षा कवच है। ये जांच अभियान दो हफ्ते चलने वाला है। उन्होंने कहा कि मातृ वंदन योजना के तहत 19 हजार करोड़ से ज्यादा राशि माताओं को दी जा चुकी है।इसलिए कोई मां छूट ना जाए, कोई बेटी पीछे ना रह जाए।



रायपुर, 17 सितम्बर.मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण तथा बच्चों के पोषण और शिक्षा से संबंधित चल रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर इन क्षेत्रों में और अधिक प्रभावी कार्य करेंगे।



# श्रम की सार्थकता को समाज में प्रतिष्ठित करने का श्रेय भगवान विश्वकर्मा को : विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा जयंती पर की पूजा-अर्चना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 17 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े तथा छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा उपस्थित थीं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने संसार के प्रथम वास्तुकार एवं सृजन-निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के श्रमवीर प्रदेश की प्रगति और निर्माण के वास्तविक आधारस्तंभ हैं। श्रम की सार्थकता और सृजन की भावना को समाज में प्रतिष्ठित करने का श्रेय भगवान विश्वकर्मा को जाता है। विश्वकर्मा जयंती का यह अवसर हम सभी को समर्पण और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता है।





## तेयुप ने रक्तदान अमृत महोत्सव मनाया

**रायपुर, 17 सितंबर।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के 61 वें स्थापना दिवस, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कू 75 वें जन्मदिन व निर्माणकर्ता शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती दिनांक 17/09/2025 उपलक्ष्य में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा रक्तदान अमृत महोत्सव का आयोजन रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है।

## एक नजर

### राशन कार्ड के संदिग्ध सदस्यों का होगा सत्यापन

**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत छ्त्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डो में विभिन्न श्रेणी के जारी राशन कार्डो में कुछ राशन कार्ड सदस्यों को संदिग्ध माना गया है। ऐसे राशन कार्ड सदस्यों का सत्यापन किया जा रहा है। संदिग्ध राशन कार्ड सदस्यों की सूची पीडीएस दुकानों को उपलब्ध करा दी गई है।राशन कार्ड पात्रता के सम्बन्ध में अपना वांछित दस्तावेज सम्बधित उचित मूल्य दुकान संचालक को उपलब्ध कराना होगा।जारी राशन कार्ड के सत्यापन के दौरान वास्तविक जानकारी देना होगा। गलत जानकारी, साक्ष्य या दस्तावेज उपलब्ध कराने पर पात्रता निरस्त कर दी जाएगी एवं अगले माह से भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न आबंटन बंद कर दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आबादी पट्टा, नामांतरण, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थी।

### 607 आर्द्र भूमि के संरक्षण के लिए होगा क्षेत्र निर्धारण

**बलौदाबाजार 17 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने जिले के चिन्हांकित 603 नैसर्गिक आर्द्र भूमि के संरक्षण हेतु क्षेत्र निर्धारण करने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार प्राकृतिक आर्द्र भूमि का संरक्षण हेतु क्षेत्र निर्धारण करना है ताकि जल संरक्षण के साथ ही जैव विविधता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियो को पारदर्शिता के साथ एवं भविष्य की जरुरत के अनुसार क्षेत्र निर्धारण करने कहा। उन्होने राजस्व विभाग अंतर्गत राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणो को अभियान चलाकर निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन में छूटे हुए किसनों का पंजीयन शीघ्र कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी कार्य में प्रगति लाने राजस्व विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया। कलेक्टर ने 17 सितम्बर से शुरू हो रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजन की तैयारी हेतु सम्बधित विभागों को जरूरी निर्देश दिये। इसके साथ ही आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदि सेवा पखवाड़ा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमो की भी समीक्षा की।

### राजनांदगांव जिले में 6069.2 मिमी वर्षा

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 6069.2 मिमी बारिश एवं औसत 867 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 975.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 844.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 1165.6 मिमी, घुमका तहसील में 749 मिमी, छुरिया तहसील में 662.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 810 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 862 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 1165.6 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 62.7 मिमी एवं औसत 9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 21.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 4 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 10.2 मिमी, घुमका तहसील में 3.5 मिमी, छुरिया तहसील में 6 मिमी, कुमरदा तहसील में 5.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 12.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगढ़ तहसील में 21.2 मिमी दर्ज की गई है।

### कलेक्टर ने ली वित्त संस्थाओं की बैठक

**राजनांदगांव 17 सितम्बर 2025।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्मॉल फाइनेंस बैंक, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान, माइक्रो फाइनेंस एवं सूक्ष्म वित्त संस्थाओं की बैठक ली। अपर कलेक्टर ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संपादित गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान एवं सूक्ष्म वित्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों को दिशा-निर्देशों के अनुसार ही ऋण एवं वसूली संबंधी मानकों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया। शाखा प्रबंधकों को एजेंट द्वारा ऋण एवं वसूली में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा।

# विश्व पर्यटन दिवस पर टूर डे बलौदा साइक्लोथॉन का आयोजन 28 को

## पोस्टर लांच, प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 20 सितंबर तक

**बलौदाबाज़ार 17 सितंबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष और विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बलौदाबाज़ार में 28 सितंबर 2025 को एक भव्य साइक्लोथॉन टूर डे बलौदा का आयोजन किया जा रहा है। साइकिल रेस 28 सितंबर को सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगी।27 सितंबर को शाम 5 बजे जिला ऑडिटिरियम में ओरिएंटेशन वर्कशॉप और किट वितरित किया जाएगा।इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला और पुरुष साइक्लिस्ट शामिल हो सकते हैं।कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता और वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने सभी से इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

प्रतियोगिता की दो श्रेणियां है पहली बलौदाबाज़ार-भाटापारा ज़िले के निवासियों के लिए और दूसरी श्रेणी अन्य ज़िले अथवा राज्य के निवासियों के लिए दोनों श्रेणियों में महिला एवं पुरुष वर्ग में पृथक पुरस्कार दिए जाएंगे। बलौदाबाज़ार जिले के प्रतिभागियों के लिए पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय पुरस्कार



15,000 और तृतीय पुरस्कार 10,000 इसी प्रकार महिला वर्ग में भी प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय पुरस्कार 15,000 और तृतीय पुरस्कार 10,000 देय होगा। जिले के बाहर के प्रतिभागियों के लिए पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय पुरस्कार 15,000 और तृतीय पुरस्कार 10,000 इसी प्रकार महिला वर्ग में भी प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय पुरस्कार ?15,000 और तृतीय पुरस्कार 10,000 देय होगा। इसके अलावा - यंग राइडर और वेटरन राइडर्स के विशेष पुरस्कार भी दिए जाएँगे। साथ ही इन श्रेणियों में 10-15 टोकन ऑफएप्रिशिएशन पुरस्कार भी दिए जाएंगे।प्रतियोगिता में पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितंबर 2025 है।

# आने वाली पीढ़ियों के लिए ओजोन परत का संरक्षण हमारी जिम्मेदारीः ओ.पी. चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 17 सितंबर।** अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस स्थित नवीन विश्राम गृह में पोस्टर एवं इन्वायरोथान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण तथा योजना एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री ओ.पी. चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और स्वास्थ्य के लिए भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सबके लिए समान है अमीर, गरीब, विद्वान या साधारण व्यक्ति और इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सबकी है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने भारतीय परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलते



रहे हैं। पीपल, आंवला नवमी, गोवर्धन पूजा जैसी परंपराएं पर्यावरण संरक्षण की मिसाल हैं। पश्चिमी देशों का विकास मॉडल केवल संसाधनों के अंधाधुन दोहन पर आधारित है, जो टिकाऊ नहीं है। अब आवश्यकता सस्टेनेबल डेवलपमेंट की है ताकि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटा जा सके।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिये हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। ओजोन परत का संरक्षण केवल पर्यावरण ही नहीं बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। हम सभी इस दिशा में आगे आयें और ओजोन क्षरण पदार्थ व इसके उपयोग से बने उपकरणों का उपयोग ना करें। पर्यावरणीय चेतना से ही इस देश का हरित और सुरक्षित भविष्य बन सकता है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनने जा रहा है। नया रायपुर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) के कैंपस खोले जा रहे है। इन संस्थानों की स्थापना से प्रदेश के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा और शोध के अवसर अपने ही राज्य में उपलब्ध होंगे। साथ ही राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (निलेट) का स्थायी केंद्र भी छत्तीसगढ़ में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं को तकनीकी, व्यावसायिक और शोध आधारित शिक्षा के नए आयाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आज केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों को टेक्नोलॉजी और स्किल्स पर भी ध्यान देना होगा।

# 14 हजार से अधिक की देशी शराब जब्त

**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर।** सचिव सह आबकारी आयुक्त आर संगीता,कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम अवैध मदिरा पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार एवं सोमवार को टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 14800 रुपये के अवैध देशी मदिरा जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा वृत्त के ग्राम बुड़गहन थाना सुहेला में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी सावित्री बंजारे के कब्जे से 9.0 बल्क



लीटर देशी मदिरा मसाला, आरोपी संजय साहू पिता स्व. अहिल्या गेंडरे के कब्जे से 6.84 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला कुल 15.84 जब्त किया गया । देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 8,800 रुपये होना पाया। इसी प्रकार दिनांक सोमवार को आबकारी वृत्त भाटापारा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा संतोष साहू ग्राम रोहरा थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से 10.80 बल्क देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 6,000 रुपये होना पाया। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2),59क का उल्लंघन होना पाया गया आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्यवाही मेंआबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम,दिनेश कुमार साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामीकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा रेल लाइन

## जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटा

**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर।** बलौदाबाजार खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना 5 वी एवं 6वी. लाईन (278 कि.मी.) के संबंध भू अर्जन हेतु राजस्व अनुभाग बलौदाबाजार एवं पलारी के प्रभावित 36 गांव के 150 मीटर परिधि के बाहर वाले खसरा नंबर की जमीन के खरीदी -बिक्री पर लगे प्रतिबन्ध को हटा दिया गया है। सूची अनुसार खसरा नम्बरो के चारो ओर 150 मीटर की परिधि के समस्त भू-भाग पर आगामी आदेश तक क्रय-विक्रय, नामान्तरण, बटवारा, व्यपवर्तन (डायवर्सन) निर्माण कार्य एवं अन्य लाभप्रद कार्यों पर रोक रहेगा।इस सम्बन्ध में कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा मंगलवार को आदेश जारी कर दिया गया है जो तत्काल प्रभावशील होगा। जारी आदेशानुसार उप मुख्य अभियंता बिलासपुरदक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के प्रस्ताव के अनुसार पूर्व मे जारी आदेश में संशोधन करते हुए अनुभाग बलौदाबाजार के ग्राम धनगांव, ताराशिव, अमलकुण्डा, मिश्राईनडीह, भदरा, सुढ़ेली, सेमराडीह, खैदा, बिटकुली, छुईहा, पनगांव, मगरचबा, सकरी, गोडखपरी, दशरमा, रिसदा, पुरान, ठेलकी, खम्हरिया, चांपा, पौसरी, भरूवाडीह एवं अनुभाग पलारी के ग्राम सैहा, गुमा, गितकेरा, अमलीडीह, चुचरूगंपुर, छिराही, गाड़ाभाठा, सरकीपार, खपरी, परसवानी, छेरकाडीह, रेंगाडीह, मुसवाडीह, जारा, कुल 36 गांव के संलग्न सूची अनुसार खसरा नम्बरो के चारो ओर 150 मीटर की परिधि के समस्त भू-भाग पर आगामी आदेश तक क्रय-विक्रय, नामान्तरण, बटवारा, व्यपवर्तन (डायवर्सन) निर्माण कार्य एवं अन्य लाभप्रद कार्यों पर रोक है। उक्त ग्रामो के शेष खसरा नम्बरों पर लगाये गये प्रतिबंध को हटाया गया है। रोक हटाए गए खसरा नंबरों की सूची राजस्व अनुभाग में उपलब्ध है।

# समाधान सेल ने शराब कोचिया को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 17 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज



दिनांक 16.09.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रिकोकला में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?1800 कीमत मूल्य का 09 लीटर हांथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- दिलीप लहरे उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम रिकोकला थाना राजादेवरी।

# योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने सक्रियतापूर्वक कार्य करने की जरूरत : कलेक्टर

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनजातीय समुदाय के विकास के



लिए शासन की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए तथा सेवा पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिले के 105 ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है। उन्होंने जमीनी स्तर पर शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से जनमानस को लाभ दिलाने के लिए सक्रियतापूर्वक कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने 17 सितम्बर को शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में आयोजित गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के साथ ही स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी डॉक्टर, नर्स एवं अन्य मेडिकल स्टॉफकी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

# छात्राओं को पढ़ाई के लिएअजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना से मिलेगी मददः कलेक्टर

## प्राचार्य योजना के संबंध में कॉलेज की छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा जानकारी दें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना के संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि छात्राओं को अपने कॉलेज की पढ़ाई जारी रखने के लिए अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना से सहायता मिलेगी। इस योजना के तहत प्रदेश के शासकीय विद्यालयों से 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली नियमित छात्राएं पात्र होगी। जो छात्राएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक के प्रथम वर्ष अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में देश के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेंगी, उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली निम्न आय वर्ग की



छात्राओं को विशेष रूप से मदद मिलेगी और वह अपनी उच्च शिक्षा जारी रख पाएंगी। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों से कहा कि इस योजना के अंतर्गत बालिकाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कॉलेज में प्रवेश लेने वाले तथा इस योजना के लिए पात्र बालिकाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्यों से कहा कि इस योजना के संबंध में छात्राओं को अधिक से अधिक जानकारी दें। इसके लिए फ्लैक्स लगाएं तथा छात्राओं को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि छात्राएं ऑनलाईन यह आवेदन भर सकती है। आवेदन दो चरणों में स्वीकार किए जाएंगे। पहला चरण 10 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तथा दूसरा चरण 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक रहेगा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा छात्रवृत्ति योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क संचालित की जाएगी। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री अनिमेषसाहू, शासकीय दिग्विजय कालेज, शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय सहित अन्य शासकीय एवं निजी कालेज के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जो छात्राएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक के प्रथम वर्ष अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में देश के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेंगी, उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। साथ ही, क्यूआर कोड स्कैन कर भी आवेदन किया जा सकता है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं को नियमित विद्यार्थी के रूप में शासकीय विद्यालयों से उत्तीर्ण किया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नियमित विद्यार्थी के रूप में किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष (डिग्री व डिप्लोमा) में प्रवेश लिया हो। महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों का परीक्षा पाठ्यक्रम 2 से 5 वर्ष का हो। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात केवल प्रथम डिग्री व डिप्लोमा के पाठ्यक्रम में ही पात्र होंगे। छात्रवृत्ति छात्राओं के लिए 30 हजार रूपए वार्षिक (पूरे पाठ्यक्रम की अवधि 2 से 5 वर्ष तक) रहेगी।

# सेवा पखवाड़ा के लिए अध्यक्षों को दी जिम्मेदारी



■ 17 से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

**रायपुर, 17 सितंबर।** भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा एकात्म परिसर में आज सेवा पखवाड़ा को लेकर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के लिए मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्षों को कार्यक्रम की सफल क्रियान्वयन के लिए सबको जिम्मेदारी दी गई है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के रूप में मनाने की योजना बनाई गई है। 17 सितंबर को प्रदेश रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। सार्वजनिक स्थालों पर स्वच्छता अभियान चलाने की योजना बनाई गई है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत स्कूलों, चिकित्सालयों रेल्वे स्टेशन, बस स्टेशन, मंदिर सहित ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा । जिसमें सभी बूथों पर पौधारोपण करेंगे । 75 जिलों नमो वन बनाना। 75 नगरों में नमो पार्क भी बनाना।

## संपादकीय

### काम करने का ऐसा जुनून ..

देश में ऐसे तो राजनीतिक दलों के बहुत से पीएम,सीएम व बड़े नेता हुए हैं जो राज्य व देश की जनता के लिए काम करते है,काम करने के कारण अपने समय में लोकप्रिय भी हुए हैं,जनता ने काम करने के कारण उनको दूसरी बार,तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया है लेकिन काम करने का ऐसा जुनून जैसा 75 साल होने के बाद पीएम मोदी में देखने को मिलता है,वैसा जुनून किसी नेता में दिखा नहीं, यही वजह है कि पीएम मोदी की इस बात के लिए तारीफ की जाती है कि वह जिस योजना या काम का शिलान्यास करते हैं, वही उसका उद्घाटन भी करते हैं। देश के ज्यादातर नेता काम तो शुरू करते हैं लेकिन वह उसे पूरा करने की ओर ध्यान नहीं देते हैं। पीएम मोदी की कोशिश रहती है कि जनता की सुविधा से जुड़ा कोई भी काम अगर शुरू हुआ है तो उसे समय पर पूरा होना चाहिए ताकि देश के लोगों को जल्द से जल्द से वह सुविधा मिल सके। पीएम मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में बदलाव, परिवर्तन व सुधार के उल्लेखनीय काम किए हैं, यही वजह है कि उनकी लोकप्रियता तीसरे कार्यकाल में भी कम नहीं हुई है। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल 14 से 19 में जनधन योजना से करोड़ों गरीबों को बैंकिंग से जोड़ा, जिसका लाभ आज देश के गरीबों को मिल रहा है। स्वच्छता भारत मिशन शुरू कर उसे जनांदोलन बनाया, इससे देश में सफाई के प्रति लोग जागरूक हुए हैं।उज्जवला योजना से करोड़ों महिलाओं को राहत दी, इसके अलावा मेक इन इंडिया,सर्जिकल स्ट्राइक,स्टार्टअप इंडिया,पीएम आवास योजना,गति योजना,भीम एप और डिजिटल इंडिया,आयुष्मान भारत दूसरे कार्यकाल 19-24 में धारा 370 हटाने,राम मंदिर निर्माण,सीएए,तीन तलाक कानून,कोरोना काल में सफल प्रबंधन, पीएम गरीब कल्याण योजना,राष्ट्रीय शिक्षा नीति,डिजिटल हेल्थ मिशन,रेलवे में सुधार,गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण,24 के बाद आपरेशन सिंदूर,वक्फ कानून में सुधार,इंडिया एआई मिशन,पीएम रोजगार मेला,जीएसटी सुधार,भारत बना विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था,12 लाख तक की आय करमुक्त करने जैसे काम किए गए हैं। इससे देश के हर क्षेत्र में सुधार हुआ है और देश को इसका लाभ मिला है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर या वाहन आदि की खरीदारी के लिए बेहतर रहने वाला है। परिवार में यदि कोई कलह चल रही थी, तो वह भी दूर होगी और किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप सामाजिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको कुछ बड़े नेताओं से भी मिलने का मौका मिल सकता है। आपको अपने किसी पुराने साथी के वापस आने से खुशी होगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। यदि आपके स्वास्थ्य में कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। आपको वाहनों के प्रयोग को सावधान रहकर करना होगा। कोर्ट कचहरी से संबंधित मामले को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। शेयर मार्केट में यदि आपने पहले इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह आपको अच्छा लाभ देंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपके धन आगमन के रास्ते खोलेंगे और आपका दिमाग भी खूब चलेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं और संतान से यदि पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान है, तो आपको उनके मन में चल रही उलझनों को जानकर उसे दूर करना होगा। आपकी सुख साधनों में वृद्धि होने से खुशी होगी। आपको पारिवारिक बिजनेस को लेकर अपने भाइयों से बातचीत करनी होगी। आप अपने जीवनसाथी से कोई बात गुप्त ना रखें और सामाजिक कामों में आपको एक नई पहचान मिलेगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए पारिवारिक रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा, लेकिन आपके खर्च आपकी टेंशनों को बढ़ा सकते हैं। आपको कोई सिरदर्द और आंखों से संबंधित समस्या परेशान करेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे और उन्हें कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपको अपनी जेब का ख्याल रखते हुए खर्च करना बेहतर रहेगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें और बिजनेस कर रहे लोगों की स्थिति भी अच्छी रहेगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपकी इनकम का सोर्स बढ़ेंगे और यदि आपको कोई शारीरिक संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप काम को लेकर कुछ नई-नई खोज करेंगे, कहीं बाहर भी जा सकते हैं और आपको अत्यधिक बाहर के खाने से परहेज रखना होगा, क्योंकि उनको पेट से संबंधित कोई समस्या आपको परेशान करेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपके काम आसानी से पूरे होंगे।

**तुला** आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनको पार्टनरशिप से भी अच्छे लाभ मिलेंगे और कुछ नए लोग भी उनके साथ काम करने की हामी भर सकते हैं। यदि आपका कोई मामला कोर्ट-कचहरी में विवादित था, तो उसमें फैसला आपके पक्ष में आने से खुशी होगी। आपके घर किसी पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपको अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा, क्योंकि आप कुछ खर्च दिखावे के चक्कर में करेंगे, जो बाद में आपकी मुश्किलों को बढ़ा सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। यदि आपके कामों में विघ्न आ रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। आप जीवनसाथी के साथ किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। संतान की पढ़ाई-लिखाई से संबंधित यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आप अपने बॉस की दी गई सलाह से काफी खुश होंगे और उनसे आपके रिश्तों में यदि कड़वाहट चल रही थी, वह भी दूर होगी।

**धनु** आज आपको कोई निवेश सोच समझकर करना होगा, क्योंकि आपका ध्यान भटकने की संभावना है और परिवार में किसी सदस्य से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आप किसी अजनबी से लोगों अपनी बात शेयर न करे। बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें, नहीं तो आपकी इस आदत को लेकर लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आप वाहनों का प्रयोग भी थोड़ा सावधान रहकर करें और आपके स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। नौकरी में यदि आपकी बॉस से खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी नए काम में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा। आपको प्रमोशन आदि मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आप अपने मन की इच्छा को लेकर अपनी माताजी से बातचीत कर सकते हैं, जिनसे आप प्रेम करते हैं, आप उनसे अपने प्रेम का इजहार करें, तो आपको बेहतर रिजल्ट मिलेंगे।

**कुंभ** आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। जीवनसाथी से भी आपकी कहासुनी होने की संभावना है। संपत्ति को लेकर आप अपने भाई- बहनों से मिल बैठकर बातचीत करें। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको कोई परिजन आपके घर मेल मिलाप करने आ सकता है। राजनीति में आप सोच समझकर कदम बढ़ाएं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जो विद्यार्थी किसी परीक्षा को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें उसमें अच्छी सफलता हासिल होगी। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। व्यापार में आप कुछ नई योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। यदि आप किसी बात को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूर्ण होगी। माताजी के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है, जिसको लेकर आपको बहुत भागदौड़ भी बनी रहेगी।

# आधुनिक भारत के शिल्पकार नरेन्द्र मोदी

**रामविचार नेताम**

आज 17 सितंबर सदियों से हम देवताओं के युग शिल्पी भगवान विश्वकर्मा को उनके जयंती के रुप में इस दिन स्मरण करते आए हैं, और आज के ही दिन हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अवतरण दिवस भी है। लोकतांत्रिक युग के आधुनिक दौर में अपने सबल सतर्क और सतत नेतृत्व से दुनिया को अंचभित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का कद वैश्विक स्वीकार्यता में अग्रणी है।



17 सितंबर का यूं तो पौराणिक महत्व है, निर्माण के देवता विश्वकर्मा जयंती के रुप में। परन्तु प्रकृति का कोई भी निर्णय महज संयोग नहीं होता उसके हर निर्णय में एक संदेश होता है, ऐसे ही जन्मतिथि 17 सितंबर को विराट पुरुष प्रधानमंत्री का जन्म महज संयोग ही नही संदेश भी है प्रकृति का। आधुनिक भारत के लोकतंत्र की अक्षुण्णता कायम रखते हुए इसे सबल भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत आधुनिक भारत में लोकतंत्र को सबल व सक्षम बनाये रखते हुए विभिन्न भाषा, धर्म, समाज के मध्य अपने संगठन की विचारधारा को स्थापित करने और निरंतर नेतृत्व प्रदान करने में सफल नेतृत्वकर्ता नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व में छिपी खूबियों की आज दुनिया कायल है। नित्य नवीन वैश्विक चुनौतियों के मध्य सतत सक्रियता के साथ डटे रहना और हर चुनौती का सीना चौड़ा कर सामना करना वो सुखद अनुभूति है, जो नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज हर भारतवासी महसूस करता है। वर्षों तक परतंत्रता के बेड़ियों में जकड़े भारत वर्ष का हर नागरिक स्वतंत्र श्वांस की अनुभूति यूं तो विगत 78 वर्षों पूर्व 15 अगस्त 1947 से कर रहा है। परन्तु स्वतंत्र सत्ता में साहस, धैर्य के साथ गर्व की अनुभूति विशेषकर वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में आज राष्ट्र महसूस कर पा रहा है, तो उसके पीछे आज का नेतृत्व और सफल नेतृत्वकर्ता नरेन्द्र मोदी ही है। लगभग 12 वर्ष पूरे हो रहे हैं, हिन्दुस्तान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व निरंतरता को, यह महज एक सांगठनिक निर्णय नही है वरन जनता के मजबूत विश्वास का श्रेष्ठ उदाहरण है। मोदीजी का व्यक्तित्व राजनैतिक निरंतरता के साथ-साथ सर्वोच्च पद पर आसीन होकर नैतिकता के साथ अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा करते हुए सक्रियता को सार्थक करने वाला है। व्यक्तिगत त्याग, उच्च नैतिक बल, स्पष्ट उद्देश्य के साथ मां भारती की सेवा में प्राण-प्रण से जुटे मोदी जी का व्यक्तित्व कठोरता के साथ लचीलापन लिए हुए पहचान का है। सभी वर्ग, समाज और बौद्धिकता को साथ लेकर चलने वाले मोदीजी के सर्वांगीण नेतृत्व में व्यक्तित्व की विशालता दिखती है, जब वो वर्षों तक मेहनत करने के बाद लक्ष्य हासिल कर पाने में चंद्रयान को भेज सकने में असफल वैज्ञानिकों को असफलता में ढांढस बंधाते हैं । जब चंद अंको से वर्षो की तैय्यारी पदक से वंचित हो जाता है, जब पूरे प्रयास के बाद भी भारत विश्व विजेता बनने से चूक जाता है, या चंद अंक,समय विशेष में पदक से वंचित कर दे, उन्हे प्रेम से अपने



पन से मानवीय मूल्यों की अनंत गहराईयों से ढांढस बंधाते हमने देखा है वही संवेदनशील मोदी जी विरोधियों की चुनौति पर वज्र बनकर कहर बरसना भी बखूबी जानते हैं ।

ताजातरीन पाकिस्तान द्वारा पहलगाम की हिमाकत पर हम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इसकी बानगी देखे हैं। पहले ऊरी, फिर पुलवामा हमले पर भयंकर प्रतिकार का निर्णय छेड़ने वालों को छोड़ने का नहीं उनके ही शब्दों को सार्थक करता है। जब उन्होंने कहा था भारत की वैश्विक पहचान शांति की है, वसुधैव कुटुम्बकम की है, इसे कायम रखते हुए हम ना ही विस्तारवाद या अन्य किसी कारण पर किसी भी मुल्क को छेड़ेंगे नहीं, और छेड़ने वालो को छोड़ेंगे भी नहीं । मोदी जी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रप्रथम की विचारधारा को अपने सार्वजनिक जीवन पथ में लिए गए संकल्पों के साथ शब्दशः सार्थक किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार एवं आतंकवाद पर जिरो टॉलरेंस की बातें सिर्फ बातें, नहीं वरन सार्थकता भी सर्वत्र दृश्य है, उनके नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के कार्यकाल का आंकलन इसे साबित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सम्पूर्ण व्यक्तित्व देश की धरा में बदलाव का ना सिर्फ साक्षी है, वरन भारत की संस्कृति व धर्म का वाहक भी है। आज सुखद संयोग है जब देश आजादी का अमृतकाल मना रहा है, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा है हम अपने यशस्वी प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके स्वस्थ शतायु दीर्घायु होने की कामना कर पा रहे हैं । मोदी जी का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। भारत को समृद्धि पथ गामी राष्ट्र बनाने में प्राणपण से जुटे गति में अन्य से अग्रणी राजनेता नरेन्द्र मोदी जी का बचपन घोर गरीबी में गुजरा है। पिताजी के साधारण से चाय की दुकान से बड़े परिवार का खर्च और निर्धन होने जैसी बाल्यकाल की परिस्थितियों का सामना करते मोदी जी ने हार नहीं मानी वरन अपने उदात्त चरित्रबल और साहस से न सिर्फ सभी बाधाओं को पार किया वरन सफलता के चरम शिखर तक स्वयं तो पहुंचे ही राष्ट्र को भी वैश्विक शिखर की दिशा देने में अग्रसर हैं। बाल्यकाल से लेकर राजनीति के शिखर तक आनेवाली हर चुनौती को, अवरोधों को अवसर में बदलने का विशेष हुनर रखने वाले मोदी जी जीवन समर को सदैव एक योद्धा सिपाही की भांति आगे कदम बढ़ाने के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखते, पराजय उन्हे स्वीकार्य नहीं । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक के जीवन में निस्वार्थता, सामाजिक दायित्वबोध, समर्पण एवं देशभक्ति के दायित्वों को स्थापित किया जाता है, उन्ही मानवीय गुणों से ओतप्रोत मोदी जी का व्यक्तित्व आज इन्ही खूबियों के साथ जीवंत है। राजनैतिक जीवन के शुरुआत में संघ से मिली शिक्षा, संस्कृति, आचार व्यवहार को पुरी दुनिया आज नरेन्द्र मोदी जी के सक्रियता के माध्यम से देख पा रही है, महसूस कर पा रही है।

भारत के हर नागरिक को गर्व और राष्ट्र के रुप में समृद्ध, सक्षमता का अहसास कराने में कामयाब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के परिवार के सदस्य आज भी सामान्य जीवन यापन कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी जी का मुख्यमंत्री का 12 से अधिक वर्षों का दायित्व निर्वहन और प्रधानमंत्री के रुप में 12 वर्ष का अनवरत कार्यकाल फिर भी परिवार का सामान्य जीवनयापन नैतिकता और ईमानदारी के उच्च मानदण्डों को जीने का ऐसा उदाहरण समूची दुनिया में अन्यत्र नहीं मिलेगा। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने से लेकर आज की तारीख तक 25 वर्षों से अनवरत कार्यशील प्रधानमंत्री मोदी जी देश ही नही वरन वैश्विक राजनीति को भी दशा दिशा देने में कामयाब रहे हैं । 2014 में जब देश में चंहु ओर तत्कालीन यूपीए सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचार के चलते जनमानस में नैराश्य की भावना व्याप्त थी, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में 30 वर्षों बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनना वह भी बीजेपी के 282 सीटों के साथ देश मे बदलाव के चमत्कारिक बयार की शुरुआत थी। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले नरेन्द्र मोदी जी ने इसे अपने कार्यों से साबित भी किया है। अपने पहले शपथ ग्रहण में सार्क देशों के साथ साथ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को आमंत्रित कर दुनिया को स्पष्ट संदेश दे दिया था सबको साथ लेकर चलने का।

हिन्दुस्तान की जनता को भारत के 14वें प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण के साथ ही जो उम्मीदें थीं वह कर्मयोगी नरेन्द्र मोदी की सतत कर्म निरंतरता से पूरी होने लगी और उम्मीदें विश्वास में तब्दील होकर जनमानस की आकांक्षाओं में वृद्धि करने लगी। मोदी जी द्वारा प्रथम कार्यकाल में लिये गये निर्णय विदेशी व्यवसायों का भारत में निवेश, नियम एवं परमिट्स में लचीलापन की पहल जिससे व्यवसाय में जटिलता ना हो, सामाजिक कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में सम्पूर्ण ध्यान देते हुए महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भता नोटबंदी एवं जीएसटी लागू करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय आज के भारत के लिए ऐतिहासिक बन पड़ा ।

इसीलिए देश की जनता ने उनके नेतृत्व में 2019 में 2014 से भी बड़ी जीत का पारितोषिक दिया। मोदी जी की कुशल नेतृत्व निरंतरता ने दूसरे कार्यकाल में ट्रीपल तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने एवं राम मंदिर निर्माण जैसे वृहत कठिन प्रतीत आकांक्षाओं के पूर्ण होने में कारगर भूमिका निभाई। सर्जिकल,स्ट्राईक,एयर स्ट्राईक व आपरेशन सिंदूर के माध्यम से सीमा पार की चुनौतियों पर कहर बनकर बरसने वाले मोदी जी के कदम व निर्णय द्रुतगामी हो, ताकि हिन्दुस्तान के 130 करोड़ भारतवासियों का गर्व अक्षुण्ण बना रहे। इन्ही आकांक्षाओं के साथ मां भारती की सेवा में रत वीर सपूत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लिए ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हे स्वस्थ दीर्घायु जीवन, प्रदान करे। 2013 में नरेन्द्र मोदी जब देशव्यापी नैराश्य के अंधकार को दूर करने की दिशा में आगें बढ़े और संगठन ने उन्हे देश की दशा बदलने का दायित्व सौंपा तब छत्तीसगढ़ राज्य में तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के नेतृत्व में निकली विकास यात्रा का समूचे प्रदेश से गुजरकर अंबिकापुर में समापन होना था। तत्कालीन सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालय के दायित्व निर्वहन के साथ मैं साक्षी बना उस हुंकार का जो अंबिकापुर में विकास यात्रा के समापन कार्यक्रम में प्रतीकात्मक लाल किले के मंच से प्रारंभ हुई थी। मोदी जी की हुंकार श्रेष्ठ भारत निर्माण की दिशा में सदैव आगे बढ़ता रहे। लाल किले की प्राचीर से चिरकाल तक आधुनिक भारत के शिल्पी पुरी दुनिया को भारत की श्रेष्ठता का संदेश देते रहें इन्ही कामनाओं के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को दीर्घायु होने की शुभकामनाओं सहित जन्मदिन की बधाईयां।

**मंत्री छत्तीसगढ़ शासन**
**कृषि एवं आदिम जाति कल्याण विभाग**

# छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत अब तक 8.39 लाख निर्माण श्रमिक लाभान्वित



**छगन लोन्हारे,**
**अशोक कुमार चन्द्रवंशी**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के उत्थान के लिए लगातार उन्हें आर्थिक मदद दी जा रही है। इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीयन एवं लाभांवित श्रम विभाग द्वारा 01 जनवरी, 2024 से 15 सितम्बर, 2025 तक लगभग 7.3 लाख निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया गया है तथा वर्ष 2024 से 15 सितम्बर 2025 तक संचालित योजनाओं के माध्यम से लगभग 8.39 लाख श्रमिकों को लाभांवित हुए हैं, जिस पर लगभग 535.62 करोड़ रूपए व्यय किया गया है। उल्लेखनीय है कि असंगठित श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में एक नई पहल शुरू की गई है। असंगठित श्रमिकों एवं उनके परिवारों के समग्र विकास के लिए अम्ब्रेला योजना 'अटल श्रम सशक्तिकरण योजना' प्रारंभ की गई है। प्रवासी श्रमिक साथियों को सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदाय करने हेतु प्रथम चरण में 5 राज्य क्रमशः उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, गुजरात एवं महाराष्ट्र में जहां अधिक संख्या में श्रमिक प्रवास करते हैं, वहां 'मोर चिन्हारी भवन' बनाया जाएगा। इसके अलावा श्रमिकों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने 106 निजी चिकित्सालयों से अनुबंध किया गया है। इससे उन्हें हृदय रोग, किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, जटिल सर्जरी आदि के लिए सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में उपचार सुविधा मिलेगी। इसी तरह राज्य शासन द्वारा श्रम विभाग की 'अम्ब्रेला योजना अटल श्रम सशक्तिकरण योजना' के नाम से शुरू की गई है। इससे श्रमिकों तथा उनके परिवारों को एक ही स्थान पर सरकार के सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा, इसके लिए 'श्रमेव जयते' पोर्टल बनाया गया है। पंजीकृत श्रमिकों के द्वारा आर्थिक गतिविधि के लिए बैंक से लिए जाने वाले ऋण पर लगने वाले ब्याज में अनुदान देने के लिए जल्द ही नई योजना शुरू की जा रही है ताकि आत्म निर्भर बनते हुए स्वयं मालिक बनने की दिशा में बढ़ सकें। इसके अलावा असंगठित श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं सतत् निगरानी हेतु राज्य के प्रत्येक संभाग में संभाग स्तरीय श्रम कल्याण कार्यालय के स्थापना की जा रही है। श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र श्रमिकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण एवं सहायता हेतु राज्य के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय तथा समस्त विकासखंडों में मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र योजना अंतर्गत 01 जनवरी, 2024 से 15 सितम्बर, 2025 तक 94,300 निर्माण श्रमिकों को पंजीयन/नवीनीकरण/योजनाओं के आवेदन में सहयोग प्रदान किया गया है।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन हेतु स्व-घोषणा प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया सरल करते हुये, ठेकेदार अथवा नियोजक के अधीन कार्य करने संबंधी नियोजक से नियोजन प्रमाण पत्र के स्थान पर श्रमिकों से ही निर्माण कार्य में नियोजित होने संबंधी स्वघोषणा पत्र का प्रावधान किया गया है। उक्त सरलीकरण करने से श्रमिकों को पंजीयन कराने में सुविधा हुई है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के स्वयं के आवास क्रय एवं आवास निर्माण हेतु 01 लाख रूपये एकमुश्त अनुदान सहायता राशि प्रदाय किया जा रहा है। 01 जनवरी, 2024 से 15 सितम्बर, 2025 तक 1042 निर्माण श्रमिकों को नवीन आवास क्रय/आवास निर्माण हेतु अनुदान सहायता राशि प्रदाय किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित उक्त योजनांतर्गत कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं छत्तीसगढ़ बोर्ड के मेरिट के प्रथम 10 में स्थान प्राप्त करने पर प्रत्येक श्रमिक बच्चों को राशि रूपये 01 लाख प्रोत्साहन राशि तथा रूपये 01 लाख दोपहिया वाहन क्रय करने हेतु प्रदाय किया गया है। 01 जनवरी, 2024 से 15 सितम्बर, 2025 तक निर्माण श्रमिक के 7478 पुत्र/पुत्रियों को 10 करोड़ 14 लाख 49 हजार 614 रूपए प्रदान किया गया है। प्रसूति सहायता योजना 01 जनवरी, 2024 से 15 सितम्बर, 2025 तक छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित 'मिनीमाता महतारी जतन योजना' अंतर्गत 65 हजार 010 महिला निर्माण श्रमिकों को लाभांवित किया गया है।शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना उक्त योजना अंतर्गत पंजीकृत निर्माण, असंगठित एवं संगठित श्रमिकों को 05 रूपए में गरम एवं पौष्टिक भोजन प्रदाय किया जा रहा है। 31 दिसम्बर 2023 की स्थिति में 29 भोजन केन्द्र संचालित थे, जो कि वर्तमान में बढ़कर 17 जिलों में 37 भोजन केन्द्र हो गये हैं। 01 जनवरी, 2024 से 15 सितम्बर, 2025 विभाग द्वारा 11,35,362 यूनिट भोजन (मिल) पंजीकृत संगठित एवं असंगठित श्रमिकों को प्रदाय किया जा चुका है, जिसमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा राशि रूपये रूपये 52,865,395 व्यय हुआ है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना सामान्य मृत्यु होने पर उसके उत्तराधिकारी को एक लाख रूपए की राशि, कार्य स्थल पर दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसके उत्तराधिकारी को 5 लाख रूपए की राशि तथा कार्य स्थल पर दुर्घटना से स्थायी दिव्यांगता होने पर श्रमिक को ढ़ाई लाख रूपए की राशि दिए जाने का प्रावधान है। जिसके तहत् 01 जनवरी, 2024 से 15 सितम्बर, 2025 तक कुल 3658 निर्माण श्रमिकों के आश्रितों को लाभांवित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 17 सितंबर 2024 को डी०बी०टी० के माध्यम से राशि का हस्तांतरण किया था। श्रम विभाग द्वारा प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित कर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत् पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को केन्द्रीकृत डी.बी.टी. के माध्यम से लाभांवित करना प्रारंभ कर दिया गया है।



छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को 17 सितम्बर, 2024 से अब तक 16 योजनाओं में 6 लाख 48 हजार 633 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को 327 करोड़ 13 लाख 53 हजार 108 रूपए से लाभांवित किया गया।

## एक नजर

### कलेक्टर जनदर्शन में मिले 44 आवेदन

**कांकेर, 17 अगस्त।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 44 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोटेला के सरपंच सहित ग्रामीणों ने नवीन पंचायत भवन स्वीकृति के लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार ग्राम कुर्रूभाट में नवीन आंगनबाड़ी भवन, ग्राम धौराभाट में पुराने जर्जर भवन को डिस्मेंटल करते हुए अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा जर्जर शाला भवन की मरम्मत, ग्राम पंचायत गितपहर में सामुदायिक शौचालय निर्माण, सोख्ता गड्ढा निर्माण, सौर ऊर्जा लाइट लगाने, आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला जर्जर की मरम्मत कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। ग्राम हाटकोंदल में नल जल योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा लगाने, ग्राम पंचायत छोटेबेठिया में नवीन धान खरीदी केन्द्र संचालन कराने, तुएगहन में पुल एवं सड़क निर्माण, आवास योजना दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर डीएफओ भानुप्रतापपुर श्री हेमचंद पहारे, जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे एवं श्री ए.एस. पैकरा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।

### जिले की ग्राम पंचायतों में बैंकिंग एवं बीमा शिविरों का आयोजन



**जगदलपुर, 17 सितम्बर ।** कलेक्टर हरिस एस. के मार्गदर्शन में जिले के सातों विकासखंड के ग्राम पंचायतों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार एवं ग्रामीणों को वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों के लिए बैंक खातों का निःशुल्क खुलवाया गया एवं विभिन्न शासकीय बीमा योजनाओं में नामांकन कराया गया।शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण के साथ-साथ मनरेगा जॉब कार्ड बनाने का कार्य भी किया गया। प्रशासन का उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचल के प्रत्येक परिवार तक बैंकिंग, बीमा एवं आवश्यक शासकीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। इन शिविरों के माध्यम से वित्तीय सशक्तिकरण के साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में नपा को मिला है प्रदेश में सातवां स्थान

# बस स्टैंड के पीछे बदबूदार पानी के ठहराव से वार्डवासी परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 17 सितंबर।** हाल ही में दंतेवाड़ा नगर पालिका को स्वच्छ सर्वेक्षण में 20 हजार से कम जनसंख्या वाली शहरों की श्रेणी में प्रदेश में 7वां स्थान मिला है। जिसका मतलब यह हुआ कि दंतेवाड़ा स्वच्छता के मामले में देश के अग्रणी शहरों में शामिल हो गया है। यह सुन जानकर एक आम शहरी होने के नाते गर्व तो हम सबको हुआ। मगर दुर्भाग्य से झुठ के हवा से भरे गए गुब्बारे ज्यादा समय तक फूले नहीं रह सकते बहुत जल्द ही उसकी हवा फिस्स हो जाती है। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों अवार्ड हासिल प्राप्त दंतेवाड़ा नगर पालिका का दिखाई पड़ रहा है।

उपर वर्णित वाक्य सही है या गलत इसकी तस्दीक करने कहीं दूर जाने की भी जरूरत नहीं। शहर के बस स्टेंड परिसर के पीछे 10 कदम पर जाकर सच्चाई से साक्षात रूबरू हुआ जा सकता है। खबरों के साथ लगी इस तस्वीर को देख कोई भी बता सकता है कि बीते 7 माह से बस स्टेंड परिसर में कहीं स्थाई शौचालय एवं पीने का साफ पानी भी आम जनों के लिए उपलब्ध नहीं है। ये तो रही एक समस्या। दूसरा यह कि बस स्टेंड के पीछे स्थित घर मकान वार्ड नंबर 4 में आता है। इस वार्ड की पार्षद हैं श्रीमती इंदिरा ठाकुर। बस स्टेंड के पीछे के रहवासी बताते हैं कि जब से बस स्टेंड काम्पलेक्स में होटल का संचालन शुरू हुआ है तब से होटल का सारा गंदगी पीछे की ओर ही बहकर आ रहा है। पीछे पक्का नाली नहीं होने से गंदा सड़ांध एवं दुर्गंध वाला पानी बहकर घरों के सामने आकर ठहर जाता है। जिसके चलते इतनी बदबू होती है कि हम लोगों को घरों के गेट के बाहर तक निकलकर खड़े होना दुश्वार हो गया है। एक पीडित ने बताया कि होटल से निकलने वाला वेस्ट गंदा मटेरियल घरों के सामने महिनों से जमा होने से मैं तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्य मलेरिया एवं टायफाइड के शिकार हो गए हैं। घर में सब बीमार पड़े हैं और इसका सबसे प्रमुख कारण गंदा पानी का ठहराव है जहां मच्छरों के पनपने से जलजनित कीटाणु पैदा हो रहे हैं जिसके वजह से आए दिन आसपास के रहवासी संक्रमण के शिकार होकर बीमार हो रहे हैं। नगर की टैक्सपेयर जनता को पालिका बदले में मलेरिया, टायफाइड, समेत अन्य संक्रमण बीमारी देकर उन्हें घोर प्रताड़ना दे रही है । सबसे आश्चर्य की बात यहां यह है कि बस स्टेंड के पीछे बीते 6 माह से बन रहे शौचालय निर्माण का निरीक्षण करने पालिका के सीएमओ, पालिका अध्यक्ष एव उपाध्यक्ष तीनों बड़े जिम्मेदार लोग मौकाए स्थल पर दो दिनों पूर्व ही पहुंचे थे। शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण तो किए मगर वहीं पास में बह रहे गंदे नाले पर उनकी नजर नहीं पड़ी। शायद पड़ी भी हो तो नजर अंदाज कर सीएमओ, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष वहां से चले गए। अब आप सुधि पाठक ही तय करें कि क्या ऐसी वाकई में दंतेवाड़ा नगर पालिका इस अवार्ड की हकदार थी ? क्या वाकई में दंतेवाड़ा पालिका को स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए अवार्ड मिलना चाहिए था? क्या हम इस स्थिति में पहुंच चुके हैं या फिर केवल झुठे दिखावे व आडंबर का सहारा लेकर अवार्ड हासिल कर लिया गया?

■ बस स्टेंड के पीछे रह रहे लोगों के घरों के सामने होटल का गंदा वेस्ट मटेरियल बहकर जा रहा है और जिसके दुर्गंध से वहां के लोग परेशान हैं यह बात सही है। मेरे द्वारा बारंबार सीएमओ, एवं अध्यक्ष मैडम को बताया गया है वे खुद भी जाकर स्थिति को देखें हैं बावजूद सफाई नहीं कराया जा रहा है जिससे मैं स्वयं व्यथित हूं। अगर एक पार्षद की सुनवाई नहीं होगी तो आम लोग अपनी समस्या लेकर किसके पास जाएंगे। मैं अपने स्तर पर जल्द ही इस समस्या का समाधान करूंगी।

**( इंदिरा ठाकुर)**
**पार्षद वार्ड क्रमांक 4**
**नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा**

## भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के प्रथम नगर आगमन पर किया आत्मीय स्वागत



**गीदम, 17 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य की भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का मां दंतेश्वरी की पावन धरा पर प्रथम आगमन हुआ जिसमे क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का दन्तेवाड़ा में आत्मीय स्वागत किया गया । इस दौरान नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने सबसे पहले माँ दन्तेश्वरी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की एव क्षेत्र के लिए खुशहाली की कामना की । इसके पश्चात उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओ से मुलाकात की और भाजपा कार्यालय में बैठक ली । महिला मोर्चा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर जिले की महिला मोर्चा की टीम में काफी उत्साह का माहौल रहा । इस दौरान मुख्य रूप से विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता , भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी , प्रदेश पदाधिकारी हेमलता शर्मा, संगीता शर्मा, दीप्ति पांडे, टिकेश्वरी सिंन्हा, राजिंदर रंधावा, एम लक्ष्मी , रजनी बिन्दजी , जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान , मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष गीदम जनपद अध्यक्ष , नगर पालिका नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य , पार्षद एव सभी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा की बहनें, सभी वरिष्ठ बहने और मंडल से सभी आई हुई महिला मोर्चा की टीम एवं वरिष्ठ कनिष्ठ सभी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे ।

## मलेरिया जांच व टीकाकरण से ग्रामीणों को मिला लाभ



**बीजापुर, 17 सितंबर।** नेशनल पार्क एरिया में एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग ने साहस का काम करते हुए ग्रामीणों तक इलाज पहुंचाया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी भोपालपटनम के आदेशानुसार 13 से 16 सितम्बर 2025 तक सेक्टर सण्ड्रा अंतर्गत सेक्शन केरपे एवं नेशनल पार्क एरिया के आश्रित ग्रामों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य टीम ने जंगल-पहाड़ पार कर ग्रामीणों तक पहुँचकर मलेरिया जांच, स्वास्थ्य परीक्षण, औषधि वितरण और टीकाकरण कार्य किया।

चार दिवसीय शिविर में ग्रामीणों की भारी संख्या देखी गई। स्वास्थ्य परीक्षण में 81 मरीज बुखार, 59 सर्दी-जुकाम, 19 कमर दर्द, 09 पेट दर्द, 22 खुजली, 18 शरीर दर्द, 37 कमजोरी, 21 हाथ-पैर दर्द, 02 उल्टी और 02 दस्त के मरीज पाए गए, जिनका मौके पर ही उपचार किया गया।गर्भवती महिलाओं की भी 12 जाँचें की गईं, उन्हें आवश्यक दवाएँ व परामर्श दिया गया। वहीं मलेरिया जांच में 36 PF पॉजिटिव और 02 पॉजिटिव मरीज मिले, जिन्हें तत्काल दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं।नेशनल पार्क जैसे कठिन व दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य अमले की पहुँच कई न कई ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत वाली बात है। स्वास्थ्य विभाग की इन क्षेत्रों में सेवाएं देना सराहनीय प्रयास है।

## स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक



**तोकापाल,17 सितंबर।** मनुष्य का जीवन बेहद ही महत्वपूर्ण है । थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो जाती है ।जब हम सड़क पर चलते हैं ,कुछ लापरवाही करते हैं ,नजर अंदाज कर जाते हैं जो जीवन के लिए भारी हो जाता है। इन दिनों बस्तर जिला में सड़क सुरक्षा के बारे में स्कूलों में कलेक्टर बस्तर के निर्देश के अनुसार यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसमें विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता तोकापाल के हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के विद्यार्थियों के बीच स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। सभी संस्थाओं से आए हुए विद्यार्थियों के दल में पक्ष में 5 तथा विपक्ष में 5 कुल 10 प्रतिभागी प्रत्येक शाला से सम्मिलित हुए। इन्हें कुल चार निर्णायकों ने सुना और अपना निर्णय दिया। 10 मिनट के अंदर सभी दल को अपनी-अपनी बात रखनी थी विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतर तरीके से अपनी बातें रखी जिसे मौजूद सभी लोगों ने सराहना की। अंतिम परिणाम में प्रथम स्थान पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल के विद्यार्थी है थे जिन्हें 2500 रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान के विजयी प्रतिभागी थे पृथ्वी नाग, इंद्रेशकुमार विश्वकर्मा, समग्र जैन, तृषा ठाकुर ,हेमेश्वरी सेठिया ,सक्षम जैन ,मोक्ष ठाकुर, संजना, कृति सोनी एवं सृष्टि शर्मा। विजेता प्रतिभागियों ने उपस्थित जनों का ध्यान अच्छे से आकृष्ट करवाया द्वितीय स्थान पर हिंदी माध्यम तोकापाल के विद्यार्थी रहे जिन्हें 2000 की राशि प्राप्त हुई। 1500 रुपए के राशि के साथ तीसरे स्थान पर हायर सेकेंडरी स्कूल मावली भाटा के विद्यार्थी थे ।जबकि सांत्वना पुरस्कार के रूप में?1000 की राशि हाई स्कूल राजूर के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी तोकापाल पूनम सलाम ,सेजेस अंग्रेजी माध्यम तोकापाल प्राचार्य विधु शेखर झा,जेपी पाठक तोकापाल ,निर्मल यादव मावली भाटा, विक्रम सिंह परिहार राजूर, नोडल अधिकारी तरुण ठाकुर, उप प्राचार्य सेजेस अंग्रेजी माध्यम इरम रहीम , व्याख्याता भूमिका साहा, शैलेंद्र बिसेन,संतोष कोर्राम, आराधना पांडे ,गेंद कुमारी तिवारी ,हेमंत पाटनी ,लोकेश नाग ,राम मोहन टांडे, एवं काजल यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रथम तीन स्थान प्राप्त दल को इसी माह अंत में जिला स्तर पर अपनी प्रस्तुति देनी होगी।

## पोषण माह कार्ययोजना पर बैठक में चर्चा

**कांकेर, 17 सितम्बर ।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन आगामी 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा बनाई गई कार्ययोजना पर चर्चा करने कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने और कुपोषित बच्चों को सामान्य अवस्था में लाने की दिशा में आवश्यक प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को सुपोषण जागरूकता का संकल्प भी दिलाया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में टीएल मीटिंग के दौरान आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह की बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने तिथिवार गतिविधियों एवं विभागीय कार्ययोजना की जानकारी दी, जिसमें राज्य स्तर पर गतिविधि, मोटापे की रोकथाम, मेनस्ट्रीमिंग, कन्वर्जेंट एक्शन एंड डिजिटाईजेशन, जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन, ईसीसीई गतिविधि, आईवाईसीएफ गतिविधि आदि सम्मिलित हैं। बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों को पोषण का संकल्प दिलाया। जिसमें बच्चों में मोटापा रोकने, शिशु एवं छोटे बच्चों के बेहतर आहार को बढ़ावा देने, प्रारंभिक शिक्षा एवं प्रयास शामिल है।

## 50 वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित नागरिक, समाज ने उठाई आवाज

**किरंदुल,17 सितंबर।** औद्योगिक नगर का फायनोर कैम्प बस्ती, जो कि पचास वर्षों से अधिक समय से बसा हुआ है, आज भी मूलभूत सुविधाओं के गंभीर अभाव से जूझ रहा है। यहां न तो शासकीय राशन दुकान है, न आंगनबाड़ी केंद्र और न ही कोई सार्वजनिक भवन। बस्तीवासी लगातार अपनी मांग शासन-प्रशासन के समक्ष रखते आए हैं, मगर अब तक उन्हें सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है।

### पचास वर्षों से उपेक्षित बस्ती

यह क्षेत्र राजस्व विभाग की नजूल भूमि पर स्थित है। बैलाडीला आयरन प्रोजेक्ट की स्थापना के समय से ही यहां बस्ती विकसित हुई थी। यहां निवास करने वाले अधिकांश नागरिक ओड़िया, दलित, हरिजन और आदिवासी समुदाय से हैं, जो आज भी सुविधाओं की बाट जोह रहे हैं। पूर्व पार्षद की पहल भी बेअसरपूर्व पार्षद उग्रे नायक ने कई बार पत्र लिखकर और मौखिक जानकारी देकर प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बस्तीवासियों की समस्याओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।आक्रोशित समाज की बड़ी घोषणानवगठित छत्तीसगढ़ उत्कल हरीजन आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र मांझी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा -हमारे समाज को सिर्फ चुनावी राजनीति में उपयोग करना बंद किया जाए। नागरिकों की समस्याओं का समाधान न होना गंभीर अन्याय है। हम मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे और यह मांग करेंगे और उज्जवल भविष्य मिले।

### राजनीतिक दलों पर आरोप

मांझी ने साफ कहा कि राजनीतिक पार्टियां हमारे समाज के लोगों को केवल गुमराह करके चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल करती हैं, लेकिन सत्ता में आते ही उन्हें भूल जाती हैं। अब ऐसा नहीं होगा। समाज में शिक्षा और जागरूकता बढ़ी है और हम सब मिलकर अपनी समस्याओं का समाधान निकालेंगे। मांझी ने चेतावनी दी कि यदि अब भी शासन ने ध्यान नहीं दिया तो समाज आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विवश होगा। फायनोर कैम्प बस्ती का यह दर्द प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक उदासीनता का उदाहरण है।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला चिकित्सालय इकाई की कार्यकारिणी गठित



**बीजापुर, 17 सितंबर।** जिला चिकित्सालय सभागार में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला चिकित्सालय इकाई की कार्यकारिणी का गठन एवं सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम ने किया।कार्यक्रम में मुकेश पटेल को सर्वसम्मति से शाखा अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित किया गया। वहीं वरिष्ठ स्टाफ नर्स बिंदु नेताम को संघ की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई और उन्हें जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व देने का निर्णय लिया गया।संघ में शामिल होने के बाद बिंदु नेताम ने कहा कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करने और नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर दोनों का स्वागत किया

बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इसमें प्रोत्साहन राशि वितरण में पारदर्शिता, दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले कर्मचारियों को आवास में प्राथमिकता देने जैसे मुद्दों पर क्रमबद्ध पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अगले महीने होने वाले संघ के वार्षिक सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी, स्थल चयन, मुख्य अतिथियों के आमंत्रण और आर्थिक सहयोग जुटाने जैसे विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर सदाशिव दुर्गम, मुकेश, ममता, मनीषा, शरद, प्रभा, सोमलु, लोकेश, बिंदु, देवेंद्र, अर्जुन, हीरालाल, सुरेंद्र, शंकर, अनिल, वर्षा, निर्जला, ललिता, अंजलि, सरिता, सागर, महेश समेत बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सरकार और विधायक मंडावी के संरक्षण में फला-फूला रेत कारोबार,डीएमएफ घोटाले की भी जांच हो : महेश गागड़ा



**बीजापुर,17 सितंबर।** जिले में रेत के अवैध परिवहन और भण्डारण को लेकर राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। कांग्रेस विधायक विक्रम शाह मंडावी पर भाजपा ने सीधा हमला बोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजापुर के अटल सदन (भाजपा कार्यालय) में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि बीजापुर की जनता को गुमराह करने का खेल अब ज्यादा दिन नहीं चलेगा। सच यह है कि कांग्रेस की सरकार और विधायक मंडावी के संरक्षण में ही रेत का कारोबार फलता-फूलता रहा है।

### कांग्रेस कार्यकाल पर सवाल

गागड़ा ने आरोप लगाया कि मई 2020 में जब रेत की निविदा प्रक्रिया हुई, तब प्रदेश में कांग्रेस की ही सरकार थी। पंचायतों को लाभ पहुँचाने के दावों के बावजूद पूरी प्रक्रिया बदलकर कारोबार ठेकेदारों को सौंप दी गई। इसके अलावा 2021-22 में रेत भंडारण की अनुमति देकर भी कांग्रेस सरकार ने ठेकेदारों को फायदा पहुँचाया। पूर्व मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि निविदा प्रक्रिया के समय विधायक मंडावी कुम्भकर्ण की नींद में थे, अब जनता के बीच निरीक्षण कर नैतिकता का दिखावा कर रहे हैं। जबकि उन्हीं के संरक्षण में बीजापुर से हजारों ट्रकों में रेत का अवैध परिवहन पड़ोसी राज्यों तक हुआ।

गागड़ा ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड (डीएमएफ) में भी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग और जनपद पंचायतों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में बोर खनन और तालाब निर्माण कार्यों में अनियमितताएँ हुईं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भोपालपटनम ब्लॉक के सण्ड्रापल्ली और चेरपल्ली पंचायतों में तालाब निर्माण का भुगतान आज तक स्थानीय मजदूरों को नहीं मिला। इन मामलों में विधायक चुप क्यों हैं और ग्रामीणों को सच्चाई क्यों नहीं बताते?भाजपा नेताओं का आरोप है कि विधायक मंडावी अब ठेकेदारों पर दबाव बनाकर वसूली करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस का हाथ रेत के इस पूरे घोटाले में रहा है और जनता के साथ बार-बार विश्वासघात किया गया है।प्रेस वार्ता में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर, जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, जिला महामंत्री सतेंद्र सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा और महिला मोर्चा जिला महामंत्री माहेश्वरी झाड़ी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महोत्सवः 20 सितम्बर तक पंजीयन

**धमतरी 17 सितम्बर।** युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने हेतु जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं संकुल स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक होंगीमहासमुंद लोकसभा क्षेत्र में प्रतियोगिता 21 सितम्बर से 17 नवम्बर तक तथा कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 21 सितम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी।

इसमें गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी व ऊंची कूद, बैडमिंटन, दौड़,

## बस्तर में जनभागीदारी से बनेगा पोषण जनांदोलन

**जगदलपुर, 17 सितम्बर ।** भारत सरकार की सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत, पूरे देश के साथ-साथ बस्तर जिले में भी राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत होने जा रही है। 17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के साथ किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार बस्तर में भी इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़े व्यवहारों में बदलाव लाना है, ताकि इसे एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके।

इस वर्ष के पोषण माह का मुख्य उद्देश्य बस्तर की ग्राम पंचायतों को सक्रिय करना है, ताकि यहां के स्थानीय समुदाय इस अभियान में पूरी तरह से शामिल हो सकें। जिला प्रशासन ने पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों, सहयोगी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, और महिला स्व-सहायता समूहों के साथ मिलकर काम करने की योजना बनाई है। इसके अलावा, महिला मंडलों, नेहरू युवा केंद्रों, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेशनल कैडेट कोर की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। इसका लक्ष्य ग्राम पंचायतों और सरपंचों को इस अभियान का केंद्र बनाकर जन आंदोलन को वास्तविक जनभागीदारी में बदलना है।बस्तर में आयोजित होने वाली गतिविधियां पांच प्रमुख थीमों पर आधारित होंगी, जो इस क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं।मोटापे का समाधान संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा, ताकि आदिवासी क्षेत्रों में भी पोषण संबंधी जागरूकता बढ़े।प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पोषण भी पढ़ाई भी के माध्यम से बच्चों को शुरुआती शिक्षा के साथ-साथ सही पोषण देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।एक पेड़ माँ के नाम पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जो प्रकृति और मातृ सम्मान के साथ जुड़ा होगा।शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार शिशु मृत्यु दर को कम करने और उनके स्वस्थ विकास को सुनिश्चित करने के लिए उचित पोषण प्रथाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## बीजापुर को पहली बार एथलेटिक्स में 8 गोल्ड मेडल, 5 खिलाड़ी नेशनल के लिए क्वालीफाई



**बीजापुर ।** जिले ने खेलों के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए 22वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। बिलासपुर के बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में 5 से 7 सितम्बर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के 20 खिलाड़ियों (13 बालिकाएं और 7 बालक) ने भाग लिया और कुल 11 मेडल (8 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज) अपने नाम किया। सबसे खास उपलब्धि यह रही कि जिले को पहली बार 8 गोल्ड मेडल मिला। जिसमें लक्ष्मण हपका, ट्रायथलॉन (60 मीटर रन, ऊँची कूद, लंबी कूद) और किड्स जैवलिन में गोल्ड, नताशा तेलामी, ट्रायथलॉन (60 मीटर रन, लंबी कूद, शॉटपुट बैक थ्रो) में गोल्ड, सविता कुहरामी, ट्रायथलॉन (60 मीटर रन, लंबी कूद, 600 मीटर रन) में गोल्ड, निर्मती तेलम, ऊँची कूद में गोल्ड, संतोषी भंडारी, 60 मीटर रन और 600 मीटर रन में गोल्ड, अंजली कारम, पेंटाथलॉन (60 मीटर रन, लंबी कूद, 60 मीटर हर्डल, शॉटपुट, 600 मीटर रन) में गोल्ड और लंबी कूद में सिल्वर, भूमिका कुरसम, जैवलिन थ्रो में सिल्वर, पूजा वाचम, 1000 मीटर रन में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।बीजापुर के 5 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एंट्री स्टैंडर्ड को क्वालीफाई किया है। ये खिलाड़ी अब 10 से 14 अक्टूबर 2025 तक कालिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर (उड़ीसा) में होने वाली 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एक नजर

### नशे में गाड़ी चलाने वाले हजार से ज्यादा चालकों के लाइसेंस निलंबित



**बिलासपुर,17 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर और बिलासपुर में नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई कर रही है. 15 दिनों में राजधानी के वीआईपी रोड, घड़ी चौक, टाटीबंध और भाठागांव सहित अन्य स्थानों पर बेरिकेडिंग कर रात 11 से 2 बजे तक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 91 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई. वहीं बिलासपुर में यातायात नियम तोड़ने वाले 610 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं.रायपुर एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2025 में 15 सितंबर तक रायपुर जिले में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले कुल 1277 वाहन चालकों को विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है. इस प्रकरण के 532 वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की गई।

### शराब के नशे में पिता ने दो साल के बेटे को पटककर मार डाला

**अंबिकापुर, 17 सितंबर।** नशा ही नाश का कारण बनता है, इसका ताजा उदाहरण छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से सामने आई दिल दहला देने वाली घटना है. शराब की लत ने न केवल एक परिवार को उजाड़ा, बल्कि निर्दोष मासूम की जान भी ले ली. शादी के तीन साल में पत्नी ने जाने कितनी तकलीफें सही होंगी, लेकिन जिस गर्भ में उसने नौ महीने तक अपने बच्चे को पाला, उसी की मौत का गम वह कैसे सह पाएगी, यह अंदाजा लगाना काफी मुश्किल है।पूरा मामला है अंबिकापुर के दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम करजी का है, जहां कलयुगी पिता ने अपने दो साल के बेटे को पटककर मौत के घाट उतार दिया. हादसे के बाद मासूम को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में इलाज के लिए लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई. मृत बच्चे की मां का रो-रोकर बुरा हाल है. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी जुगलाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा होंगी आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कार्यालयीन आदेश जारी करते हुए अपर कलेक्टर डॉ.प्रियंका वर्मा को कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीडऩ निवारण हेतु गठित आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष नियुक्त किया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धांतों एवं उच्च न्यायालय के आदेश के तहत यह समिति गठित की गई है। पूर्व में उक्त गठित समिति के अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा को बनाया गया था, चूंकि उनका जिले से अन्यत्र स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर अपर कलेक्टर डॉ.प्रियंका वर्मा को आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष के रूप में नामांकित किया गया है। समिति के शेष सदस्य/शर्तें यथावत रहेगी।

### रजत जयंती महोत्सव पर आयुष विभाग ने किया जागरूकता रैली,स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जिलेभर में स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आमजन को आयुर्वेद, होमियोपैथी एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व से जोडऩा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में प्राथमिक शाला बर्रा में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी के साथ आयुष विभाग ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान बच्चों को शतावरी, ब्राह्मी और धृतकुमारी जैसे औषधीय पौधों की पहचान कराई गई और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। इससे विद्यार्थियों में आयुर्वेदिक औषधियों के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ी। खरसिया में आयुष विभाग द्वारा नागरिकों को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं से अवगत कराने हेतु पाम्पलेट वितरित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि होम्योपैथी सरल, किफायती और प्रभावी उपचार पद्धति है, जो आम नागरिकों के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

### जिले के 316 ग्रामों के 63,064 आदिवासी परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** जिले में आदिवासी परिवारों के सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आदि कर्मयोगी अभियान का क्रियान्वयन तेजी से आगे बढ़ रहा है। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में इस अभियान के अंतर्गत जिले के 316 ग्रामों के 63,064 आदिवासी परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए राज्य से लेकर ब्लॉक स्तर तक सघन प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत 11 से 14 अगस्त तक रायपुर में आयोजित स्टेट प्रोसेस लैब से हुई, जिसमें जिले से सात मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया। इसके बाद 18 अगस्त को जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रायगढ़ में संपन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन विभाग के स्वच्छता, आवास और लोक कल्याण उत्सव में हुए शामिल

## स्वच्छता ही सेवा' और 'अंगीकार-2025' अभियान, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 एवं लोक कल्याण मेला का किया शुभारंभ



**रायपुर,17 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के स्वच्छता, आवास और लोक कल्याण उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने राजधानी रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के श्री अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' और 'अंगीकार-2025' अभियान तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 एवं लोक कल्याण मेला का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 11 हजार लाभार्थियों को गृहप्रवेश भी कराया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायकद्वय श्री राजेश मूणत और श्री सुनील सोनी तथा रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री श्री साय और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्वच्छता सुपर लीग के टूल-किट का विमोचन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत हितग्राहियों को उनके स्वीकृत आवासों के भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र तथा पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। उन्होंने रायपुर नगर निगम के दिवंगत कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने रायपुर नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों में स्वच्छता को समर्पित डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि देश को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बड़ा काम किया है। स्वच्छता अब लोगों की आदत में शुमार हो गया है। उन्होंने कहा कि घर के अंदर और बाहर साफ-सफाई केवल महिलाओं का ही दायित्व नहीं है, बल्कि यह पुरूषों का भी काम है। उन्होंने देश में स्वच्छता को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में छत्तीसगढ़ को सात राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। बीस हजार से कम आबादी वाले देश के 100 सबसे स्वच्छ शहरों में अकेले छत्तीसगढ़ के 58 शहर शामिल हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए नगरीय निकायों में काम कर रहे स्वच्छता दीदियों, सफाई कर्मियों और वहां के नागरिकों को धन्यवाद देते हुए रैंकिंग में आगे और भी सुधार करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत बनाने के लिए अपने विजन डॉक्युमेंट-2047 के अनुरूप काम कर रहे हैं।



## राजभवन में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**रायपुर, 17 सितंबर । राजभवन** में आज विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी ने भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश के खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने विश्वकर्मा जयंती की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना एवं राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अमृत सरोवर बना महिलाओं की आत्मनिर्भरता का स्त्रोत



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** जिले के अमृत सरोवर अब केवल तालाब नहीं रहे, बल्कि आर्थिक उन्नति का सशक्त माध्यम बन गए हैं, जिससे गाँव की महिलाएँ मछली पालन कर आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला रायगढ़ जिले के छोटे से गाँव कोड़ासिया में जहां की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि अगर हिम्मत और लगन हो, तो सीमित संसाधनों में भी आत्मनिर्भरता का सपना साकार किया जा सकता है।

पद्मावती महिला स्व-सहायता समूह में शामिल 10 महिलाओं ने मछली पालन को अपने जीवन का केंद्र बनाकर आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। 2.70 एकड़ में फैले अमृत सरोवर में महिलाओं ने सामूहिक प्रयासों से मछली पालन की शुरुआत की और सीमित निवेश के बावजूद उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। महिलाओं द्वारा कोड़ासिया के साप्ताहिक बाजार और तालाब किनारे ताजी मछलियों की बिक्री से न सिर्फ इन महिलाओं की पहचान बनी, बल्कि गाँव का बाजार भी सक्रिय हुआ। तालाब के किनारे मछलियाँ बेचती ये महिलाएँ गांव की अन्य महिलाओं की लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं।

### 1.30 लाख रुपए का मिला शुद्ध लाभ

पद्मावती समूह की महिलाओं ने 6 हजार रुपए में मछली बीज, 10 हजार रुपए में दाना और 4 हजार में जाल व मजदूरी पर निवेश किया। इस छोटे निवेश ने बड़ा मुनाफा दिया और 1.50 लाख रुपए की आय अर्जित हुई, जिसमें से 1.30 लाख रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। जिसमें प्रत्येक महिला सदस्य को 13-13 हजार रुपए का लाभांश मिला। यह राशि न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई उड़ान दी।

### सिर्फ व्यवसाय नहीं, आर्थिक स्वावलंबन की है शुरुआत

पद्मावती महिला समूह की यह पहल सिर्फ व्यवसाय नहीं, बल्कि यह आर्थिक स्वावलंबन की शुरूआत है। इसने सामाजिक सोच में भी परिवर्तन लाया है, जहाँ पहले महिलाएँ घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित थीं, वहीं अब वे गाँव की अर्थव्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कोड़ासिया का यह अमृत सरोवर गांव की महिलाओं के लिए एक सफल उदाहरण बन गया है, जिससे यहां की महिलाएँ मछली पालन कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। जब महिलाएँ संगठित होकर काम करती हैं, तो वे सिर्फ अपने जीवन में नहीं, पूरे समाज में बदलाव ला सकती हैं। कोड़ासिया का अमृत सरोवर अब एक जलस्त्रोत नहीं, बल्कि साहस, मेहनत और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुका है।

# विकास चौहान एवं श्याम गोरख एक साल के लिए जिलाबदर

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने आदेश जारी कर विकास चौहान, पिता-कुंजबिहारी चौहान, उम्र-26 वर्ष, निवासी-बजरंगपारा, निगम कालोनी, जे-ब्लॉक क्वार्टर नंबर 19, वार्ड नंबर 42 थाना-जूटमिल, रायगढ़ एवं श्याम गोरख, आ.जगदीश गोरख, उम्र-27 वर्ष, निवासी-सोनिया नगर, रायगढ़, थाना-सिटी कोतवाली रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख)के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है।

आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा विकास चौहान एवं श्याम गोरख को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। विकास चौहान एवं श्याम गोरख को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर विकास चौहान एवं श्याम गोरख के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विकास चौहान द्वारा वर्ष 2018 से लगातार चोरी, लूट, मारपीट एवं आर्म्स एक्ट के अपराध करते आ रहे है। उनके विरूद्ध थाना जूटमिल में 11 प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरणों में विकास चौहान को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए उन पर 7 बार प्रतिबंधतात्मक कार्यवाही कर इस्तगाशा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाहियों के बावजूद विकास चौहान के आचरण पर कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ। विकास चौहान के आपराधिक आचरण के कारण आमजनता में भय, असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

इसी तरह श्याम गोरख वर्ष 2014 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर अपने साथियों के साथ मिलकर गुण्डागर्दी, गाली-गलौच, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना, अपहरण करना, जुआ खेलना जैसे अपराध करते आ रहे है। उनके विरूद्ध थाना कोतवाली रायगढ़ में 17 प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरणों में श्याम गोरख को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए उन पर 4 बार प्रतिबंधतात्मक कार्यवाही कर इस्तगाशा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाहियों के बावजूद श्याम गोरख ने अपना आपराधिक वर्चस्व बनाए रखने के लिए लगातार आपराधिक गतिविधियों में पूर्णतः सक्रिय है।पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा छ.ग.राज्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि विकास चौहान एवं श्याम गोरख को राज्य की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए ।




### अबूझमाड़ में 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 18 लाख का घोषित था इनाम

**नारायणपुर।** सुरक्षा बलों के ताबड़तोड़ प्रहार से नक्सली संगठन कमजोर होता जा रहा है. नारायणपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है. पुलिस के समक्ष 5 महिला सहित कुल 12 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सभी सरेंडर किए माओवादियों पर कुल 18 लाख का इनाम घोषित था. अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैंप की स्थापना और लगातार नक्सल विरोधी अभियान के चलते सभी माओवादियों ने सरेंडर किया है. इस दौरान बीएसएफ व आईटीबीपी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# शिविर में 200 श्रमिकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2025 को रजत जयंती वर्ष घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले में आज श्रम विभाग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, ईएसआईसी और ईएसआईएस के संयुक्त तत्वावधान में श्रमिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। रायगढ़ के न्यू ऑडिटोरियम हॉल, पंजरी प्लॉट में आयोजित इस शिविर में लगभग 1200 श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, हिमोग्लोबिन, नेत्र परीक्षण सहित महिला श्रमिकों के लिए विशेष स्त्री रोग परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने श्रमिकों के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर की सराहना की एवं श्रमिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। मौके पर जनपद



पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुजाता सुखलाल चौहान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री रामश्याम डनसेना,, श्री भगत, श्री सुखलाल चैहान, श्री सोहन चौधरी, अतिरिक्त औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्री राहूल पटेल, उप संचालक एवं सहायक श्रमायुक्त, श्री घनश्याम पाणिग्राही उपस्थित रहे।सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता बढ़ाने की दृष्टि से श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा 18 बड़े कारखानों के द्वारा निकटवर्ती ग्रामों में स्वास्थ्य जॉच शिविर का आज आयोजन कर 3000 से अधिक श्रमिकों को स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ प्रदाय किया गया। कर्मचारी राज्य बीमा निगम रायगढ़ शाखा प्रबंधक श्री राकेश कुमार ने बताया कि नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा लागू स्क्क्रश्चश्च योजना के तहत् पंजीकरण कराने वाले नियोक्तओं के लिए कवरेज से पहले की अवधि में कोई निरीक्षण या कानूनी कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसके साथ ही व्यक्ति (कवरेज) नियोक्ताओं द्वारा घोषित तिथि से मानी जाएगी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्क्क्रश्चश्च योजना के अंतर्गत 01 जुलाई से 31 दिसम्बर 2025 तक की विशेष पंजीकरण विंडो आरंभ की है। इस पहल का उद्देश्य ऐसे सभी नियोक्ताओं को ई.एस.आई.सी में व्याप्त करना है

# नैनो उर्वरक और हरी खाद को बढ़ावा देने बनेगी कार्ययोजना:सीईओ



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभा कक्ष में कृषि विभाग की बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ श्री जितेंद्र यादव ने की। बैठक में खरीफ वर्ष 2026 में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम करने तथा टिकाऊ कृषि पद्धति को अपनाने के लिए कार्ययोजना बनाने पर बल दिया गया। इसमें विशेष रूप से हरी खाद सनई एवं ढेंचा और नैनो उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में डबल केज व्हील के सड़कों पर उपयोग पर रोक लगाने पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में देश की अग्रणी उर्वरक कंपनी इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड इफको के महाप्रबंधक कृषि सेवाएं श्री दिनेश गांधी एवं क्षेत्रीय अधिकारी श्री भूपेंद्र पाटीदार ने किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की उपयोग विधि, उनके लाभ एवं प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरक न केवल मिट्टी की उर्वराशक्ति को बनाए रखते हैं, बल्कि खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने में भी कारगर हैं। कृषि विभाग के उप संचालक श्री अनिल वर्मा ने बताया कि जिले के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के निःशुल्क प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक, कम लागत वाली और पर्यावरण हितैषी तकनीकों से जोडऩा है। बैठक में कृषि विभाग के समस्त मैदानी अमले सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदीप साहू बने ऊर्जा उत्पादक



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** कभी भारी-भरकम बिजली बिल की वजह से आर्थिक तंगी का सामना करने वाले रायगढ़ जिले के किरोड़ीमल नगर निवासी प्रदीप साहू आज स्वयं ऊर्जा उत्पादक बन चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल लगाकर उन्होंने न केवल बिजली बिल से मुक्ति पाई है, बल्कि अतिरिक्त ऊर्जा का उत्पादन कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है।प्रदीप साहू के घर पर स्थापित सोलर पैनल ने उनके बिजली बिल को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। जून 2025 में सोलर पैनल से 285 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ, जिससे उन्हें 398 रूपये की छूट प्राप्त हुई और बिल 165 रूपये ऋणात्मक आया। जुलाई 2025 में सोलर पैनल से 239 रूपये यूनिट बिजली बनी, जिससे 352 रूपये की छूट मिली और बिल 148 रूपये ऋणात्मक रहा। इन दोनों महीनों में प्रदीप साहू को बिजली बिल चुकाने के बजाय अतिरिक्त उत्पादन के लिए क्रेडिट प्राप्त हुआ।अन्य उपभोक्ताओं के लिए बने प्रेरणा- प्रदीप साहू का अनुभव इस बात का सबूत है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना वास्तव में आमजन के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। उनकी सफलता की कहानी जिले के अन्य उपभोक्ताओं को भी रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

# सेवा पखवाड़ा एवं अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर होंगे विविध आयोजन

**महासमुंद 17 सितंबर ।** सेवा पखवाड़ा अभियान एवं 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर सहायक उपकरण वितरण, दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यूडीआईडी के लिए चिन्हांन शिविर, पेंशन समाधान शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन 17 अक्टूबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती सुनीता तिर्की, एवं सहायक वर्ग 3 श्री ए.पी. द्विवेदी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ आयोजन का क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं लीड बैंक द्वारा आज जिला अस्पताल खरोरा में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यूडीआईडी एवं सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार 18 सितम्बर को जनपद पंचायत बागबाहरा, 19 सितम्बर को जनपद पंचायत पिथौरा, 22 सितम्बर को बसना, 23 सितम्बर को महासमुंद एवं 24 सितम्बर को जनपद पंचायत सरायपाली में पेंशन समाधान शिविर, आधार सीडिंग, मोबाईल सीडिंग, डीएलसी की प्रक्रिया, जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यूडीआईडी एवं सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन एवं उपकरण वितरण किया जाएगा।खेल विभाग, पुलिस, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय नशामुक्त भारत के सशक्त संदेश के साथ मैराथन का आयोजन 21 सितम्बर को किया जाएगा। 25 सितम्बर को फॉर्चुन फाउंडेशन नेत्रहीन उच्च, माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा में पेंटिंग, गायन, स्लोगन राईटिंग एवं अन्य प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा।विकासखण्ड स्तर पर पंचायत विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 27 सितम्बर को सभी जनपदों में नवीन पेंशन आवेदन एवं स्वीकृत आवेदकों का पेंशन स्वीकृति आदेश वितरण, उपकरण वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा 28 सितम्बर को आशियाना वृद्धाश्रम महासमुंद एवं घरौंदा केन्द्र में जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण, वृद्धजनों का सम्मान एवं खेल-कूद का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद एवं विधायकों की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, स्वास्थ्य परीक्षण, सहायक उपकरण वितरण, बस पास वितरण, खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा 02 अक्टूबर को पंचायत विभाग द्वारा जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर दशहरा के उपलक्ष्य में नशा मुक्ति का प्रतीक रावण का दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### 2 अक्टूबर तक विविध गतिविधियों का होगा आयोजन

**महासमुंद 17 सितंबर ।** सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 अंतर्गत जिले में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं रासेयो के इकाइयों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 18 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर, 21 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता, 17 से 24 सितम्बर तक स्वास्थ्य शिविर, 21 से 25 सितम्बर तक खेलकूद प्रतियोगिता, 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा के अंर्तत स्वच्छता अभियान एवं शपथ एवं प्रबुद्ध जनों का सम्मान तथा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाया जाएगा।

## जिले में पात्र छात्राओं को मिल रहा साइकिल योजना का लाभ

**धमतरी 17 सितम्बर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण का कार्य जिले में निरंतर गति पकड़ रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी देवेश सूर्यवंशी ने बताया कि इस योजना के तहत पौने दो साल में 3,638 पात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि निर्माता कंपनी द्वारा साइकिलों का असेंबल कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है, ताकि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण साइकिल उपलब्ध हो सके।नगरी विकासखंड में अब तक 2,184 साइकिलों का वितरण किया जा चुका है, वहीं मगरलोड विकासखंड में 218 साइकिलों का वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त कुरुद एवं धमतरी विकासखंड में साइकिलों का असेंबल कार्य जारी है और परीक्षण उपरांत छात्राओं को शीघ्र ही वितरण किया जाएगा। प्रत्येक साइकिल वितरण से पहले ब्लॉक स्तरीय परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जा रहा है।

एक नजर

## मुक्केबाज जैसमीन-मीनाक्षी की नजरें 2028 ओलंपिक पर



**दुबई, 17 सितंबर।** लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में अब तीन साल से भी कम का समय बचा है और ऐसे में स्टार भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने कहा कि हाल ही में लिवरपूल में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनका ध्यान अब खेलों के महाकुंभ की तैयारी पर है। जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता जूलिया सेरेमेटा को हराकर अपने करियर का पहला स्वर्ण जीता।

जैसमीन ने कहा, 'यह अच्छा लगता है और स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में बेहद खुशी की बात है। मेरे कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मेरी बहुत मदद की है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं।

दो बार पदक से चूकने के बाद इस बार उन्होंने जोरदार वापसी की। उन्होंने आगे कहा, हां, प्रशिक्षण उसके (ओलंपिक पदक) लिए होगा और मेरे कोच मेरी तकनीकी ट्रेनिंग पर उसी के अनुसार काम करेंगे।' जैसमीन के कोच संदीप लंबोरिया ने भी विश्वास जताया कि उनकी शिष्या लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा, 'यह (प्रदर्शन) शानदार था। हमारा मुख्य लक्ष्य लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक है।

वह ओलंपिक भार वर्ग में पदक जीतने वाली एकमात्र लड़की है। वह 2028 में धूम मचाएगी।'

# अफगानिस्तान की हार से सुपर-4 में पहुंचने की रेस हुई रोमांचक

## बन रहे हैं अब ये समीकरण

**दुबई, 17 सितंबर।** एशिया कप 2025 में अब तक दोनों ग्रुप को मिलाकर कुल 9 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें सिर्फ भारतीय टीम सुपर-4 के लिए अपनी जगह को पक्का करने में कामयाब हो सकी है। वहीं ग्रुप-बी में अगले राउंड में पहुंचने के लिए जंग अब काफी रोमांचक दिख रही है। 16 सितंबर ग्रुप बी में अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीम के बीच मुकाबला खेला गया जिसमें बांग्लादेश ने 8 रनों से जीत हासिल करने के साथ खुद को सुपर-4 में पहुंचने की रेस में शामिल रखा हुआ है, वहीं अब अफगानिस्तान के लिए ग्रुप-बी में बचा उनका आखिरी मुकाबला काफी अहम हो गया है। बांग्लादेश की टीम ने जहां ग्रुप-बी में अपने तीनों ही मुकाबले खेल लिए हैं, जिसमें वह 2 जीत और एक हार के बाद -0.270 नेट रनरेट के साथ दूसरे नंबर पर काबिज हैं। वहीं श्रीलंका की टीम जिन्होंने 2 मैच खेले और दोनों को अपने नाम किया है वह 4 अंकों के साथ 1.546 नेट रनरेट के साथ पहले नंबर पर काबिज हैं। हांगकांग की टीम अपने तीनों मैच गंवाने के साथ सुपर-4 की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी है, जबकि अफगानिस्तान की टीम 2 मैचों में एक जीत और एक हार के साथ तीसरे नंबर पर है, जिसमें उसका नेट रनरेट 2.150 का है। ऐसे में अफगानिस्तान यदि श्रीलंका के



खिलाफ होने वाले 18 सितंबर को ग्रुप-बी के मुकाबले में हार का सामना करती है तो बांग्लादेश और श्रीलंका दोनों सुपर-4 के लिए अपनी जगह को पक्का कर लेंगी। वहीं अफगानिस्तान यदि श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करती है तो इस स्थिति में वह जहां सुपर-4 में पहुंच जाएगी तो वहीं श्रीलंका और बांग्लादेश में से जिस भी टीम का नेट रनरेट बेहतर होगा वह अगले राउंड में पहुंचेगी। अभी श्रीलंका का नेट रनरेट काफी बेहतर है, जिसमें उसे अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में कम से कम 70 रन या फिर 50 गेंदे शेष रहते हुए हार का सामना करना होगा उसी स्थिति में उनका नेट रनरेट बांग्लादेश से कम होगा।

भारतीय टीम जहां ग्रुप-ए के अपने दोनों शुरुआती मैच जीतने के साथ पहले ही सुपर-4 के लिए अपनी जगह को पक्का कर चुकी है तो वहीं दूसरी टीम का फैसला 17 सितंबर को पाकिस्तान और यूएई के बीच होने वाले मुकाबले से होगा। अभी पाकिस्तान की टीम जहां 2 अंकों और 1.649 नेट रनरेट के साथ दूसरे नंबर पर है तो वहीं यूएई की टीम 2 अंकों और -2.030 नेट रनरेट के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है।

## भारतीय महिला टीम भी नहीं मिलाएगी पाकिस्तान से हाथ?

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** अभी तो एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच एक मुकाबला खेला गया है। जिसमें टीम इंडिया ने पाकिस्तान को इतनी बुरी पटकनी दी है कि वो अभी तक बिलबिला रहा है। अभी सुपर 4 में एक और मुकाबले की संभावना है। लेकिन कहानी यहीं पर समाप्त नहीं होगी। अभी भारत की महिला क्रिकेट टीम भी पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम से भिड़ती हुई नजर आएगी। ये मुकाबला अगले महीने खेला जाएगा, जब महिला वनडे विश्व कप होगा। क्या भारतीय महिला टीम उस मैच में भी पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाएगी। इसका जवाब भारतीय टीम की स्टार प्लेयर दीप्ति शर्मा ने दिया है।

भारतीय मेंस टीम के बाद अगले महीने भारत और पाकिस्तान की महिला टीमें भी एक दूसरे के आमने सामने होंगी। महिला वनडे विश्व कप 30 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टक्कर 5 अक्टूबर को होगी। ये मैच कोलंबो में खेला जाएगा। अभी टीम इंडिया इसकी तैयारी में जुटी है।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित

### तेजनारायण चंद्रपॉल और एलिक एथनाज की वापसी



**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** भारत के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपनी टीम घोषित कर दी है। रोस्टन चेज की कप्तानी वाली टीम में 15 मेंबर्स को चुना गया। एलिक एथनाज और दिग्गज शिवनारायण चंद्रपॉल के बेटे तेजनारायण चंद्रपॉल की टीम में वापसी हुई। वहीं खैरी पियरी को पहली बार स्क्वॉड में जगह मिली।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर 3-0 की हार झेलने वाली वेस्टइंडीज टीम से क्रैग ब्रैथवेट, कीसी कार्टी, मिकाइल लुईस और जोहान लैन को जगह नहीं मिली। सीरीज 2 अक्टूबर से शुरू होगी। अहमदाबाद और नई दिल्ली में दोनों मुकाबले खेले जाएंगे।

वेस्टइंडीज टीम 7 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज खेलने के लिए आ रही है। टीम ने 2018 में आखिरी सीरीज 2-0 से गंवाई थी। यह सीरीज मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में भारत की पहली होम सीरीज है, वहीं वेस्टइंडीज की घर से बाहर पहली सीरीज। अहमदाबाद में 2 अक्टूबर से पहला टेस्ट शुरू होगा। वहीं 10 अक्टूबर से नई दिल्ली में दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। सीरीज के लिए भारत का स्क्वॉड 23 सितंबर तक रिलीज किया जा सकता है। शुभमन गिल ही भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कैरेबियन टीम 22 सितंबर को वेस्टइंडीज से निकलेगी और 24 सितंबर को अहमदाबाद पहुंचेगी।

**वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम-** रोस्टन चेज (कप्तान), तेजनारायण चंद्रपॉल, ब्रैंडन किंग, केवलोन एंडरसन, शाई होप, जोन कैंपबेल, एलिक एथनाज, टेविन इमलाक, जस्टिन ग्रीव्स, एंडरसन फिलिप, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, जेडन सील्स, खैरी पियरी और जोमेल वारिकन।

## विश्वनाथन आनंद ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की शुभकामना

### याद किया खास किस्सा

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बुधवार को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने पीएम मोदी के साथ अपनी कुछ यादें सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

विश्वनाथन आनंद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, जब मैं अपने शतरंज के सफर को देखता हूं, तो कुछ यादें ताजा हो जाती हैं। सिर्फ बोर्ड से नहीं, बल्कि जिंदगी से भी। ऐसी ही एक याद गुजरात की है।

बरसों पहले, जब मैं अहमदाबाद में नेशनल चैंपियनशिप खेलने गया, तो मेरी एक आदत थी, खुद को गुजराती थाली से ट्रीट देना। यह मेरे लिए एक अनमोल आनंद का पल होता था। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन मेरे जीवन



के इस छोटे से पल को कोई और नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी याद रखेंगे।

**आनंद ने पीएम मोदी के साथ बिताए पलों को याद किया**

विश्वनाथन आनंद ने बताया, मुझे आज भी वह पल याद है, जब एक अनौपचारिक बातचीत के दौरान मैंने उनसे गुजराती थालियों के प्रति अपने लगाव का जिक्र किया था। यह सुनकर, वह मुस्कुराए और बोले, ÷अच्छा, तो चलिए।÷ बिना किसी औपचारिकता के, वह मुझे स्टेट गेस्ट हाउस ले गए, जहां हमने साथ बैठकर एक स्वादिष्ट गुजराती थाली का आनंद लिया। उन्होंने गर्मजोशी से यह भी कहा, मैं आपको वह सबसे अच्छी थाली खिलाना चाहता हूं, जिसे आप याद रख सकें। यह मेरे लिए एक अविस्मरणीय पल था। यह याद दिलाता है कि सच्चे नेता सिर्फ बड़े-बड़े सपनों से ही नहीं, बल्कि ऐसे छोटे-छोटे पलों के जरिए भी आपसे जुड़ते हैं। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा जो प्रेरित करता है, वह है उनका संतुलन। एक ओर वह दक्ष, अनुशासित और गहन पेशेवर हैं, जहां उनकी पूरी टीम घड़ी की तरह सटीकता से काम करती है। दूसरी ओर, वह मिलनसार, गर्मजोशी से भरे और अक्सर प्रसन्नचित्त स्वभाव के हैं। एक ऐसे व्यक्ति, जो मजाक करके आपको सहज महसूस करा सकते हैं।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना मास्टर्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में

### लक्ष्य सेन बाहर, पिछले हफ्ते हांगकांग ओपन में रनर-अप रहे थे

**हॉन्गकॉन्ग, 17 सितंबर।** सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के जुनैदी अरिफ और रॉय किंग याप को सीधे गेम में 24-22, 21-13 से हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। यह मुकाबला 42 मिनट तक चला। पहला गेम काफी रोमांचक रहा, जिसमें स्कोर अंत तक बराबरी पर था, लेकिन भारतीय जोड़ी ने आखिरकार 21 मिनट में इसे 24-22 से जीत लिया। दूसरे गेम में सात्विक-चिराग ने शुरुआत में बढ़त बनाई। मलेशियाई जोड़ी ने 5-5 से बराबरी की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने 11-6 की बढ़त लेते हुए गेम को आसानी से 21-13 से अपने नाम कर लिया।

हॉन्गकॉन्ग ओपन के रनर-अप रहे लक्ष्य सेन को मेंस सिंगल्स में हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव ने



11-21, 10-21 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 30 मिनट तक चला। लक्ष्य की हार के साथ ही भारत का मेंस सिंगल्स में सफर खत्म हो गया। इससे पहले आयुष शेट्टी भी पहले राउंड में हार गए थे।

वहीं, मिक्स्ड डबल्स में भी भारत को निराशा मिली। ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो की जोड़ी को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग के खिलाफ 19-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

विमेंस सिंगल्स में पी.वी. सिंधु ने सोमवार को अपने पहले राउंड का मुकाबला जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ होगा।

## व्यापार

## मलाबार ग्रुप ने शुरू किया 'नर्चरिंग बीगिनिंग्स' प्रोजेक्ट

**मुंबई, 17 सितंबर।** मलाबार ग्रुप ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाते हुए डब्ल्यूएचओ इंडिया के साथ मिलकर एक नया सीएसआर प्रोजेक्ट 'नर्चरिंग बीगिनिंग्स' शुरू किया है. इस प्रोजेक्ट का मकसद शहरों की गरीब बस्तियों में रहने वाली मांओं और बच्चों को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं देना है. साथ ही इसका उद्देश्य बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना भी है. इसके लिए मलाबार ग्रुप के कोझिकोड, कुट्टिकट्टूर स्थित मुख्यालय में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए. इस मौके पर डब्ल्यूएचओ इंडिया के प्रतिनिधि डॉ रोडेरिको एच ओफ्रिन, डब्ल्यूएचओ के नेशनल प्रोफेशनल ऑफिसर डॉ बी मुहम्मद अशील, मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर (इंडिया ऑपरेशंस) अशर ओ, ग्रुप एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निशाद एके, एनजीओ 'थनल' के चेयरमैन डॉ वी इदरीस, मलाबार ग्रुप के सीनियर डायरेक्टर्स और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे. यह प्रोजेक्ट मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए लागू होगा.

# टैरिफ भी न रोक सका : भारतीय अर्थव्यवस्था फिर रच रही नया इतिहास

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** हमारे देश की अर्थव्यवस्था इस समय ऐसी रफ़्तार पकड़ चुकी है, जिसने न केवल देश के भीतर बल्कि दुनिया भर में विश्लेषकों और निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वैश्विक अनिश्चितताओं, अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक तनावों और अमेरिकी टैरिफ़ जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास दर लगातार उम्मीद से अधिक दर्ज हो रही है। यह तस्वीर बताती है कि भारत ने अपनी आर्थिक संरचना को इतना मजबूत बना लिया है कि बाहरी झटके भी उसके आत्मविश्वास को हिला नहीं पा रहे। मोदी सरकार के अडिग फैसलों के चलते घरेलू मांग, सेवाओं का निर्यात और निवेश की निरंतरता ने मिलकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है।

पिछले कुछ दिनों में भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई गईं। कभी कहा गया कि महामारी के बाद देश की खपत क्षमता घटेगी, तो कभी यह शंका उठाई गई कि अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक तनाव भारतीय निर्यात को कमजोर कर देंगे लेकिन हालिया आंकड़े इन सभी आशंकाओं को गलत साबित कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2024ङ्क25 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो पिछले पांच तिमाहियों में सबसे तेज़ वृद्धि रही। यह केवल आंकड़ों की कहानी नहीं बल्कि इस बात का सबूत है कि भारत की बुनियादी आर्थिक ताकत अपेक्षा से कहीं अधिक गहरी है।

प्राइवेट फाइनल कंजप्शन एक्सपेंडिचर में भी 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई, जिसने यह साबित किया कि भारतीय उपभोक्ता अब भी बाज़ार में सक्रिय हैं और उनकी खरीद क्षमता मजबूत बनी हुई है।

भारत के विकास की असली ताकत केवल खपत में नहीं बल्कि निवेश और पूंजी निर्माण में भी निहित है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन में 7 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज हुई। यह संकेत देता है कि निवेशक भारत को एक सुरक्षित और आकर्षक बाज़ार मान रहे हैं। सरकार द्वारा पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी ने भी इस दिशा में अहम योगदान दिया है। बुनियादी ढांचे, सड़क, रेलवे और ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किए जा रहे निवेश ने निजी क्षेत्र को भी



प्रोत्साहित किया है।

दूसरी ओर, शेयर बाज़ार ने भी अलग तस्वीर पेश की। निफ्टी और सेंसेक्स बढ़त के साथ खुले और निवेशकों ने संकेत दिए कि उन्हें भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं में सुधार की उम्मीद है जिसके परिणाम आने भी शुरू हो गए हैं। यह भी दर्शाता है कि घरेलू निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था पर गहरा है और वे इसे वैश्विक घटनाओं से परे देखते हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर हमेशा कहा जाता है कि यह सर्विसेज पर आधारित मॉडल की ओर बढ़ रही है। मौजूदा आंकड़े इस दावे की पुष्टि करते हैं। जबकि सामान का निर्यात स्थिर रहा, सेवाओं का निर्यात 13 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इसका मतलब है कि भारत के आईटी, वित्तीय सेवाओं और बिज़नेस प्रोसेस मैनेजमेंट सेक्टर ने वैश्विक स्तर पर अपनी पकड़ और मज़बूत कर ली है।

सेवाओं के निर्यात में यह मजबूती भारतीय अर्थव्यवस्था को एक संतुलित मॉडल की ओर ले जा रही है। कुल निर्यात में भी लगभग पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

आर्थिक मजबूती का एक महत्वपूर्ण पहलू वित्तीय स्थिरता होती है। मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में अपने बैंकिंग क्षेत्र को सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। परिणामस्वरूप आज बैंकिंग प्रणाली कहीं अधिक अनुशासित और स्थिर है। उधारी में संयम और जोखिमों के प्रति सावधानी ने यह सुनिश्चित किया है कि वित्तीय क्षेत्र अब किसी बड़ी गड़बड़ी का शिकार न हो। इसके साथ ही चालू खाता घाटा लगभग शून्य के करीब है। यह स्थिति बताती है कि भारत का बाहरी लेन-देन संतुलित हो रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार भी पर्याप्त है, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव से बची हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा हाल ही में लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ़ ने वैश्विक व्यापार में हलचल मचा दी। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। शुरुआती आशंका यह थी कि इन टैरिफ़ का भारतीय निर्यात पर गहरा असर पड़ेगा और जीडीपी वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ट्रंप द्वारा लगाए गए ऊंचे टैरिफ़ के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज़ गति से आगे बढ़ती रहेगी। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भी भारत की जीडीपी वृद्धि के अनुमान को पहले से अधिक कर दिया है। विशेषज्ञों का भी मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था इतनी मज़बूत है कि यह झटका लंबे समय तक असर नहीं डाल पाएगा।

भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर केवल सरकार ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी सकारात्मक नजरिया रखती हैं। फिच रेटिंग्स ने अपने पूर्वानुमान को संशोधित कर भारत की विकास दर को 6.9 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। उनका कहना है कि घरेलू मांग और सेवाओं की ताकत भारत को वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूती दे रही है।

फिच का यह फैसला उस समय आया है जब कई उभरती अर्थव्यवस्थाएं अमेरिकी टैरिफ़ और डॉलर की मज़बूती से जूझ रही हैं। इसके बावजूद भारत पर निवेशकों का भरोसा कायम है और विदेशी एजेंसियां मानती हैं कि आने वाले वर्षों में भारत की विकास दर स्थिर और मजबूत बनी रहेगी।

## ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने छह इंक टैंक प्रिंटर पेश किए

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में छह उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों की एक नई श्रृंखला लॉन्च की, जिसे घरेलू उपयोगकर्ताओं, कार्यालय पेशेवरों और छोटे व्यवसायों की उभरती मुद्रण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। क्षमता, उपयोग में आसानी और कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्मित, यह नवीनतम लाइनअप भारतीय बाजार के लिए स्मार्ट, विश्वसनीय और लागत प्रभावी प्रिंटिंग समाधान प्रदान करने के लिए ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## बीमा-अस्पताल :महंगे इलाज और कैशलेस झगड़े में फंसे मरीज

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** कुछ प्राइवेट अस्पताल और बीमा कंपनियां लंबे समय से कैशलेस सेवाओं और रिफंड रेट्स को लेकर भिड़ती रही हैं। हाल ही में यह विवाद तब तेज हुआ जब इंश्योरेंस कंपनी Niva Bupa ने 16 अगस्त को मैक्स अस्पतालों में कैशलेस सेवा रोक दी। इसके कुछ दिन बाद Bajaj Allian5 और Care Health के मामलों में भी अस्पतालों ने कैशलेस हॉस्पिटलाइजेशन रोकने की सलाह दी। यह टकराव आठ दिन तक चला और बाद में आंशिक समाधान हुआ।

बीमा कंपनियों और अस्पतालों के बीच मुख्य कारण है कॉमन इम्पैनलमेंट प्रोग्राम, जिसे कैशलेस इलाज आसान बनाने के लिए शुरू किया गया था। इस योजना का उद्देश्य था कि बीमाधारक देशभर के



चुनिंदा अस्पतालों में कैशलेस इलाज करवा सकें। लेकिन छोटे अस्पतालों का कहना है कि इस वजह से उनकी बातचीत की शक्ति (negotiating power) कम हो गई है और उन्हें नुकसान हो रहा है।

कॉमन इम्पैनलमेंट प्रोग्राम में बीमा कंपनियां तय करती हैं कि इलाज के लिए कितना पैसा मिलेगा। बड़े अस्पताल अपनी मांग मनवा सकते हैं, लेकिन छोटे अस्पतालों के पास ऐसी Negotiating power नहीं होती। बीमा कंपनियों द्वारा तय किए गए रेट छोटे अस्पतालों के लिए अक्सर पर्याप्त नहीं होते। इसका मतलब है कि इलाज करने के बाद उनका मुनाफा कम होता है।

**मेडिकल खर्च और महंगाई**

मेडिकल खर्च लगातार बढ़ रहा है, जिससे मरीजों और बीमा कंपनियों दोनों की परेशानी बढ़ गई है। बीमा कंपनियां कहती हैं कि महंगाई 14-15% है, जबकि अस्पताल इसे कम मानते हैं। अस्पतालों का कहना है कि बीमा कंपनियों के अपने खर्च भी कीमत बढ़ने का कारण हैं। एक अस्पताल अधिकारी ने बताया, बीमा कंपनियां हर 100 रुपये में से लगभग 60 रुपये इलाज पर खर्च करती हैं और बाकी 40 रुपये अन्य चीजों में चले जाते हैं।

बीमा कंपनियों का कहना है कि इलाज महंगा होने की वजह CPI महंगाई और नई तकनीकें हैं। प्रीमियम बढ़ने का कारण भी यही महंगाई और अस्पतालों की अतिरिक्त सामग्री की कीमतें हैं। एक बीमा अधिकारी ने बताया,महामारी के बाद इलाज की महंगाई दोगुनी हो गई है। अस्पतालों ने सफाई और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त चार्ज लगाए थे, जो जरूरी थे। लेकिन अब भी ये चार्ज बीमाधारकों के बिल में शामिल हैं। इसके अलावा कई प्रशासनिक खर्च भी मरीजों के बिल में जुड़ जाते हैं, जिससे बिल और बढ़ जाते हैं और बीमा कंपनियों की लागत भी बढ़ जाती है।

### डिजिटल इंडिया की बड़ी उपलब्धि

## 3,000 करोड़ लोन से 70,000 ग्रामीणों व छोटे कारोबारियों की बदली जिंदगी

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** डिजिटल इंडिया अभियान के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने जुलाई 2023 से अब तक ?3,000 करोड़ से अधिक का लोन वितरण किया है। इस पहल से अब तक करीब 70,000 लोग लाभान्वित हुए हैं, जिनमें अधिकतर पहली बार लोन लेने वाले, छोटे लोन चाहने वाले और बैंकिंग सेवाओं से दूर लोग शामिल हैं।

कार्यक्रम की तेज़ प्रगति का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 86 करोड़, 2024-25 में 1,631 करोड़, और 2025-26 (अगस्त तक) में 1,300 करोड़ के लोन वितरित किए गए। इस योजना ने ग्रामीण परिवारों और छोटे कारोबारों को मज़बूती दी है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में तेजी आई है और उद्यमिता को बढ़ावा मिला है।

5.8 लाख से अधिक ग्राम स्तर उद्यमियों ( के नेटवर्क और पिरामल फाइनेंस की साझेदारी से, सीएससी ने दूरदराज़ ग्रामीण क्षेत्रों में वंचित समुदायों को समय पर और सस्ती दरों पर लोन उपलब्ध कराए। यह लोन स्थानीय साहूकारों की तुलना में सस्ते हैं और शोषणकारी उधारी पर निर्भरता को घटाते हैं।

यह उपलब्धि हमारे साझा विज़न को दर्शाती है कि कैसे एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज का निर्माण हो सकता है। ग्रामीण नागरिकों को वित्तीय सेवाओं से जोड़कर हम वंचित क्षेत्रों में क्रेडिट गैप को पाट रहे हैं। सीएससी के साथ हमारी साझेदारी ने अंतिम छोर तक क्रेडिट पहुंचाना संभव बनाया है। 3,000 करोड़ का आंकड़ा ग्रामीण भारत के भरोसे का प्रतीक है और हम वित्तीय समावेशन को और गहराई तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक विशेष उद्देश्य कंपनी है।




संवाद आर.ओ.-45254/107

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे,* प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26